

वी.बी.एस.

# जंगल की जंग में टिके रहना

सीखना कि यीशु मसीह में हम कौन हैं

## वी.बी.एस. पुस्तिका

# जंगल की जंग में टिके रहना

सीखना कि यीशु मसीह में हम कौन हैं

वी.बी.एस. पुस्तिका

(अवकाशीय बाइबल स्कूल)

"बच्चें महत्वपूर्ण हैं" द्वारा एक नया वी.बी.एस.

वेबसाइट:

WWW.CHILDRENAREIMPORTANT.COM/JUNGLE/

"बच्चें महत्वपूर्ण है" टीम के सभी सदस्यों को धन्यवाद

**मुख्य संपादक :** क्रिस्टीना क्रॉस

**रचनात्मक समूह :** ड्वाईट क्रॉस, फ्लोर बोल्डो, जेनिफर सांचेज नीटो, जूलियो सांचेज नीटो, माइक कंगस, मनसूरत डीरन डाइज, सुकी कंगस, वेरोनिका तोज, और विकी कंगस।
माइकल कंगस और जोशुवा मेंडोजा के लिए धन्यवाद कि उन्होंने इस वीबीएस कार्यक्रम के लिए नये और शानदार गीत लिखे।

**अनुवादक समूह:**
अली अतुहा, अलाइन जेवियर, अनुपमा वानखेड़े, एरोमा पब्लिकेशंस, ब्लेसी जितेन्दर, ब्लेसी जैकब, कार्ला मायुमी, डेविड राजू, एफ्रेम यंगुनमेरोबी, फिनी जैकब, जैकब कुरूविला, जीतेन्दर सिंह, मर्कोस रोसा, मैथ्यू दास, नसीम बौगतईया, पॉल म्वांगी, पॉल सेप्टन, रुबीना राय, सबरीना बेनी जॉन, और उपनाम "मैं"।

## “जंगल की जंग में टिके रहना” वी.बी.एस. में आपका स्वागत है!

अपने दूरबीन और सफर का बैग ले लीजिए और जीप में चढ़ जाइए, क्योंकि यह वक्त है एक जंगल वीबीएस का! हमारे चारों ओर दुनिया एक जंगल की तरह ही तो है, जहाँ हम जीवित बचना सीखते हैं, यहाँ तक कि दूसरे लोग हमें धोखा देने, चालाकी दिखाने या लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। हालांकि, हम आत्म - निश्चयी हो सकते हैं, यदि हम जान जायें कि यीशु मसीह में हम कौन हैं। “इस कारण जब कि गवाहों का ऐसा बड़ा बादल हम को घेरे हुए है, तो आओ, हर एक रोकने वाली वस्तु, और उलझाने वाले पाप को दूर कर के, वह दौड़ जिस में हमें दौड़ना है, धीरज से दौड़ें।” -इब्रानियों 12:1।

जैसा कि हमारा विषय-पद दर्शाता है, कि हम उनसे प्रेरित हैं जो हमसे पहले जा चुके हैं, जिससे कि हम भी हरेक प्रकार के पाप, भय और हमलों पर निश्चित रूप से विजय पा सकें। इस वीबीएस में हम एक घने रोमांचक जंगल में जायेंगे, और दूसरी तरफ हम यह जानते हुए बाहर निकलेंगे कि हम परमेश्वर के परिवार का एक हिस्सा हैं, साहस, दया, संतुष्टि और सामर्थ वाले परिवार का हिस्सा। हमेशा की तरह, आपके विद्यार्थी आपस में एकसाथ क्रियाकलाप कर सकते हैं, या आप उन्हें समूह में बांट सकते हैं, और क्रियाकलाप के अनुसार उन्हें घूमा सकते हैं। आप उन्हें सामान्य तरह से नमकीन नाश्ता दे सकते हैं, या फिर उन्हें विषय पाठ के आधार पर भी नाश्ता दे सकते हैं। शिल्पकला एक अतिरिक्त मनोरंजन की बात होगी, क्योंकि बच्चों को जानवर बनाना काफी अच्छा लगता है, और यह पिछली बार के नाटक “बोगली की साहसिक यात्रा” के जानवरों पर आधारित होगा, जिनसे कि बच्चे पहले ही मिल चुके हैं। हर समूह को एक गुदगुदाता हुआ नाम दें, जिससे कि और अधिक मजा आए। दैनिक बाइबल के पाठ में आपके विद्यार्थियों के लिए 5 चित्रकारियां हैं जो उन्हें बनानी हैं, और विशेषकर उन्हें अपनी पुस्तिका में गुप्त रूप से जंगल की भूलभुलैया पाकर काफी आनंद आएगा। यह जंगल वाला विषय इसे एक मजेदार वीबीएस बना देगा, सजावट की उत्सुकता से भरा और कई रचनात्मक विचारों को आसानी से क्रियाशील करने वाला।“जंगल की जंग में टिके रहना” नामक वीबीएस एक तरह से आपके विद्यार्थियों को यह सीखने में मदद करता है कि जब उनके चारों ओर से संसार में हमले हों तो मसीह में वे कौन हैं।

दलिला से, हम ऐसे लोगों के बारे में सीखेंगे जो दूसरों को छल से गुमराह करते हैं, आकान से, ऐसों के बारे में सीखेंगे जो चोरी की कोशिश करते हैं, गेहजी से, ऐसों के बारे में सीखेंगे जो फायदा उठाने की कोशिश करते हैं, हामान से, ऐसों के बारे में जो प्रत्यक्ष रूप से हम पर हमला करते हैं, गोलियत से, ऐसों के बारे में सीखेंगे जो भयानक रूप से डराते हैं। लेकिन उसी समय ही, हम मजबूत, संतुष्ट, दयावान, बहादुर और परमेश्वर के परिवार के सदस्य भी बन सकते हैं! चौथे दिन, हमारे पास बच्चों की अगुवाई के लिए एक सुअवसर रहेगा कि वे अपना हृदय और जीवन यीशु मसीह को दे सकें। आप अपने वीबीएस में अतिरिक्त जायका डालकर इसे एक चुनौतीपूर्ण “टिके रहने” वाली रोमांचक शो का अहसास करा सकते हैं, जिसमें आप टीम के बीच किसी प्रतियोगिता की लाइव एंकरिंग कर रहे हैं कि कौन बढिया खेल रहा है, कौन बच पायेगा और कौन विजेता बनेगा। जितना ज्यादा तकनीक (असली या नकली) आप अपने वीबीएस में शामिल करेंगे, आपकी कलीसिया उतना ही ज्यादा आधुनिक महसूस करेगी। इस आगामी छुट्टियों में, क्या आप अपनी कलीसिया के साथ घने जंगल में जाने के लिए तैयार हैं? इस नये वीबीएस “जंगल की जंग में टिके रहना” का रोमांचकारी माहौल आपकी प्रतीक्षा में है!



क्रिस्टीना क्रॉस

संपादक : “बच्चें महत्वपूर्ण हैं”

## सामग्री का उपयोग कैसे करें

### आमंत्रित करें

कई कलीसियाएं अपने समुदाय के लोगों को वीबीएस में आमंत्रित करने के लिए उत्सुक रहती हैं। लोगों को आमंत्रित करने का सबसे साधारण तरीका है, दुकानों में, सार्वजनिक स्थानों में और समुदाय के चारों ओर पर्चे बांटना। आप किसी व्यस्त इलाके में एक जगह खड़े होकर भी पर्चियां बांट सकते हैं। इस उद्देश्य के लिए, हमने खुद पर्चियां बनाई हैं। प्रचार की यह सामग्रियां हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है जिससे कि छपवाने के लिए आप उसे डाउनलोड कर सकें। किसी मुख्य गली में जुलूस निकालना भी एक अच्छी युक्ति है जिसमें सभी को कहें कि वे जंगली जानवरों वाली वेशभूषा में रहें और लोगों को निमंत्रण पत्र व टॉफी दें। कुछ कलीसियाएं तो जुलूस के लिए कार या किसी गाड़ी पर मंच भी बनाते हैं! मुख्य प्रतीक चिह्न, चित्रकारियां और वे सब कुछ जो आप पर्चे, निमंत्रण पत्र, झंडियों व कुर्तों पर छपवाना चाहते हैं, हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है, और वो भी बिल्कुल मुफ्त! आप सचमुच इस दिशा में मेहनत कर सकते हैं। बच्चों को सुसमाचार सुनाना बहुत जरूरी है और आपका वीबीएस इसके लिए बिल्कुल उपयुक्त समय है।

### भर्तीनियुक्त करें/

आपके वीबीएस में प्रत्येक जरूरी कार्य के लिए सहायकों को भर्ती करने की हम आपको सिफारिश करते हैं। अपने वीबीएस का महिनों पहले से ही प्रचार प्रसार शुरू कर दीजिए, तब आपके लोगों को लगेगा कि कोई बड़ा आयोजन होनेवाला है। जब सहायकों की भर्ती का समय हो, तो हम आपको सलाह देंगे कि पहले आप सभी जरूरी कार्यों की सूची बनाएं, और सोचें कि कौन सा व्यक्ति किस काम के लिए उपयुक्त है। तब उन्हें एक “विशेष काम के तोहफे" के साथ संपर्क करें। यह एक अच्छा विचार होगा कि यदि काम के अनुसार उनकी एक सूची बने ताकि दूसरे लोग भी देख सकें कि वे कैसे मेहनत कर रहे हैं। वीबीएस में हिस्सा लेना आपकी कलीसिया के लोगों को यह दर्शाने के लिए एक अच्छा तरीका है कि बच्चों के बीच सेवकाई कितनी मजेदार हो सकती है। बच्चों के बीच सेवकाई में सभी सहयोगियों का शिक्षक होना जरूरी नहीं है। हमें मसीह की संपूर्ण देह की भागीदारी की आवश्यकता है जो आगामी पीढ़ी का उत्थान कर सके।

### समूह बनायें

प्रतियोगिता आपके विद्यार्थियों के लिए काफी मजेदार बात हो सकती है, लेकिन स्मरण रहे कि यह वैकल्पिक हो। समूह में एक निष्पक्षता कायम रखने के लिए, उम्र के अनुसार समूह को बांट दें। आप हरेक समूह की पहचान के लिए एक रंग या नाम दे सकते हैं, जिससे कि जंगल की जिंदगी का एक माहौल बन सके। इस तरह से हर आयु वर्ग का विद्यार्थी हरेक समूह का सदस्य हो सकता है; और उसी प्रकार हर समूह के पास हर आयु वर्ग के सदस्य होंगे।

हर समूह के लिए एक कप्तान का चयन करें, जो कि अपने समूह का नेतृत्व और प्रोत्साहन कर सके। हर रोज, शुरुआत के बाद, आपको अपने समूहों को खुशनुमा माहौल करने के लिए, या कोई परेड करने

में 15-30 मिनट तक लग सकते हैं। वे एक साथ प्रार्थना कर सकते हैं और जीतने की रणनीतिक योजना बना सकते हैं। हम सारे समूहों की इस गतिविधि को मुख्य सभागार में कराने की ही सलाह देंगे, हर समूह किसी एक कोने में होकर। इस तरीके से आप अपनी तैयारी में एक दूसरे को सुन सकते हैं। इससे उत्सुकता और उत्साह का माहौल बनेगा। अंक देने के हिसाब से सबसे आसान क्षेत्र "मार्श गेम" रहेगा, लेकिन आप अपने अगुवों और सहायकों से ऐसे बच्चों पर ध्यान रखने को कह सकते हैं जो अच्छे व्यवहार वाले हों, सफाई में मदद करने वाले हों, दयालु हों और छोटे बच्चों की मदद करने वाले हों। ऐसे बच्चों को अतिरिक्त अंकों से पुरस्कृत किया जा सकता है, जिससे कि उनके समूह को बढ़ोतरी में मदद मिलेगी।

पहले दिन ही, समूहों को बांट दें और सभी समूहों के लिए एक नाम चुनें। सभी बच्चों के नाम याद करने के लिए एक खेल बनायें। दूसरे दिन, कोई चुटकुला सुनाएँ, या पूरे समूह के साथ मिलकर एक गीत गाएँ। तीसरे दिन, वे कोई झंडा या पर्चा बना सकते हैं, जिसे कि वे शुक्रवार को सबके सामने दिखा सकें। चौथे दिन, अपने अंतिम दिन के कार्यक्रम की प्रस्तुति की तैयारी करें। इसमें उत्साह हो, एक खूबसूरत झंडा हो, और लोगों के लिए एक अभिवादन हो। और आखिरी दिन, हर समूह सामने आ सकती है और अपने उत्साह से, झंडे से और लोगों के अभिवादन के साथ अपनी प्रस्तुति कर सकते हैं। सप्ताह भर के अंकों को शामिल करने के साथ साथ यह जाँचें कि कौन सा समूह विजेता के रूप में नाम देने योग्य है।

समूहों के नाम के लिए कुछ सलाह:
अमज़ोनियंस दिलेर आदि। ,खोजी ,साहसी ,जान्बांज़ ,

सप्ताह के अंत में जीतने वाले समूह के लिए कोई इनाम या पुरस्कार तैयार रखें।

## चक्कर लगाना

आप इस वीबीएस को जैसे चाहें वैसे आयोजित कर सकते हैं, लेकिन इसे एक चक्कर लगानेवाली प्रणाली के रूप में लिखा गया है जिसमें एक ही समय पर तीन स्टेशन होते हैं। इसका यह अर्थ हुआ कि आप बच्चों को तीन समूहों में बांट दीजिए, और ये समूह तीनों स्टेशन पर चक्कर लगाएंगे" :गुफा कक्षा ," ,"बाइबल निर्देशन"और ।"जलप्रपात शिल्पकला" हर स्टेशन पर अधिकतम 20 से 40 मिनट तक रहना है, और हर स्टेशन पर तीन बार जरूर वापस आना है ताकि पूरे दिन में हर समूह कम से कम एक बार जरूर हर स्टेशन पर जा सके।

बच्चों को विभाजित करने का सबसे आसान तरीका है, उनकी उम्र के अनुसार बांटना, ठीक विद्यार्थी कार्य पृष्ठों के समान:

- "सरल" 4-6 साल की उम्र
- "मध्यम" 7-9 साल की उम्र
- "कठिन" 10-12 साल की उम्र

लेकिन, जैसा कि आप अपने समूह को टीमों में विभाजित कर चुके हैं, तो आप उनका भी उपयोग कर सकते हैं। लेकिन हम आपको नवकिशोरों (13 वर्ष से ऊपर) को ही सहायता के लिए चुनने का परामर्श देंगे। हालांकि, "कठिन" श्रेणी की विद्यार्थी पुस्तक वयस्क सदस्यों के लिए भी उतनी ही मजेदार होगी जितनी कि बड़े विद्यार्थियों के लिए। स्टेशन पर घुमाने के लिए हमारा सबसे प्रिय तरीका है कि घूमते समय संगीत बजा देते हैं। इस तरह, जब बच्चे एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन की ओर घूमते हैं तो उनमें काफी उत्साह बना रहता है। हमने "मार्श गेम" और जलपान "उष्ण-कटिबंधीय रेस्टोरेंट" को अलग किया हुआ है, क्योंकि यह आपके सभी विद्यार्थियों के लिए एक साथ आसान रहता है। दूसरा विकल्प यह है कि एक बाइबल के वचन सीखने के लिए, या गीतों पर अभिनय सीखने के लिए, या दोनों ही करने के लिए एक और स्टेशन को जोड़ दें। इस तरह आपके पास 6 स्टेशन होंगे, और आप 3-3 के दो समूह बना सकते हैं। निश्चय ही, आप इसे अपनी पसंद के अनुसार इस आयोजन की समयसारणी बना सकते हैं।

## समयसारणी (3-5 घंटे)

**आरम्भ**

- संगीत
- परिचय
- नाटक

टीम समूह/

दैनिक गतिविधियां (15-30 मिनट)

चक्कर लगाना (समूह या उम्र के अनुसार) (प्रत्येक को 15-30 मिनट)

- गुफा कक्षा
- बाइबल निर्देशन
- जलप्रपात शिल्पकला

खेल (30-45 मिनट)

जलपान समय (15-30)

सामूहिक समापन (15-30)

- संगीत
- उद्घोषनाएँ और समापन

## नाटक

हरेक दिन के पाठों का परिचय कराने के लिए नाटक एक मजेदार तरीका है, साथ ही, प्रतिदिन के जीवन में विद्यार्थी क्या सीख रहे हैं, उससे जुड़ने में भी इससे मदद मिलती है। हम सिफारिश करते हैं कि कलाकार वही रखें तथा कार्यक्रम के अंत तक उनकी वेशभूषा भी वही रखें। वे विद्यार्थियों का अभिवादन करने के लिए स्टेशनों पर जा सकते हैं, और बच्चों के साथ पूरे दिन सेल्फी या तस्वीरें खींच सकते हैं।

इन नाटकों में, जैसे कि बोगली प्रतिदिन समय पर विद्यालय पहुंचने के लिए संघर्ष करता है, तब जंगल के जानवर या तो उसे प्रोत्साहित करेंगे या हतोत्साहित करेंगे। वह अपने अध्यापक के बारे में बात करता है, लेकिन आप उसे कभी देख नहीं पाएंगे। बोगली पर जानवरों का हमला बिल्कुल असली लगना चाहिए, जो कि विद्यार्थियों को हमारी कलीसियाओं में अनुभव होता है। अतिरिक्त मस्ती के लिए, हम फेसबुक, व्हाट्सअप, यूट्यूब ऐप, सेल्फी तस्वीरें खींचने के साथ साथ एक सेलफोन का उपयोग भी कर रहे हैं। इस तरह जंगल में मोबाइल तकनीक होना काफी मजेदार लगेगा। और दूसरी मजे की बात, बोगली का एक ख़ास मनपसंद नाश्ता है, जो वह हर रोज़ खाता है। आप इसे अपने इलाके में उपलब्ध किसी भी मनचाही भोजन वस्तु से बना सकते हैं। कार्डबोर्ड से बनाई गई सजावटी जीप हर रात को बोगली के बिस्तर के काम आयेगी। पूरे नाटक में हर रोज़ एक जंगली लड़का (बोगली) और दो जानवर होते हैं। आपके दो कलाकार हर रोज़ अलग अलग जानवर बन सकते हैं, वेशभूषा के अनुसार मुखौटे लगाकर। पांचवें दिन, एक तीसरा जानवर प्रकट होता है, लेकिन वो मंच पर से हटकर रह सकता है। हम आशा करते हैं कि आपने बोगली और जानवरों के साथ खूब मजा उठाया!

हमारी वेबसाइट पर सभी तरह के मुखौटों की आकृतियां आनलाइन पर मुफ्त उपलब्ध है।

http://www.childrenareimportant.com/jungle/

रोज के नाटक के लिए कार्डबोर्ड से एक जीप बनाएं। जीप बनाने की विधि सीखने के लिए यूट्यूब पर इस वीडियो को देखें।

http://www.youtube.com/watch?v=KEwQpAqHNkk









## स्टेशन:




### बाइबल निर्देशन :

इस नदी में आपका स्वागत है, जहाँ हम एक छोटी नाव में बाइबल को खोजेंगे! विद्यार्थियों को प्रतिदिन का पाठ का शीर्षक, नारे और याद करने की आयत बोलने को कहें। उसके बाद, उन्हें विद्यार्थी पुस्तिका दें, और उन्हें भूलभुलैया की खोज से शुरूआत करने को प्रोत्साहित करें। अंत में, बच्चों को पुस्तिका में से दो क्रियाकलाप करने को कहें और उनसे पन्नों में रंग भरवायें।




### गुफा कक्षा :

गुफा कक्षा में, शिक्षिका बाइबल की कोई कहानी कहेगी, और बच्चे हरेक कहानी के अनुसार चित्र बनाएंगे। बाइबल की कहानी के अनुसार चित्र बहुत ही बढ़िया नहीं बन पाते हैं, लेकिन ऐसी चित्रकारी ही बनाएं, जिसे देखकर वे आसानी से उसे बना सकें। चित्रकारी समाप्त होने के बाद, बच्चों को मतदान पर्चे के चारों तरफ इकट्ठा करें, उनसे प्रश्न पूछें और पूरी कक्षा के सामने दो विकल्पों को जोर से पढ़ने को कहें। “सलाह” और “मतदान समय” वाला विचार आपके बच्चों को सोचने का अवसर देगी, इसलिए, आपको दोनों भागों को व्यावारिक रखें। दिए गए दो विकल्पों को पढ़ें, इस तरह कि दोनों उत्तर सही ही लगे। हरेक बच्चा, अपने उत्तर का चयन करते हुए, अपने आयु वर्ग के अनुसार पर्चा पर हस्ताक्षर करेगा। यदि आप चाहें तो मतदान के लिए स्टिकर्स का प्रयोग कर सकते हैं। किसी एक उत्तर को सही उत्तर दिखाने का प्रयास न करें।




### जलप्रपात शिल्पकला :

इस स्टेशन पर, बच्चों को पाठ याद रखने के लायक शिल्पकला करके खूब मजा आयेगा और घर ले जाने के लिए कुछ मनोरंजन भी होगा। शिल्पकला के लिए सभी पर्चे ऑनलाइन (हमारी वेबसाइट पर) उपलब्ध हैं और सभी निर्देश यहाँ इस निर्देश पुस्तिका में मौजूद हैं।




### उष्णकटिबंधीय भोजनालय:

बिल्कुल, आप साधारण नाश्ता दे सकते हैं, जैसे कि चाय या दोपहर का भोजन वगैरह, जो कि आपके यहाँ प्रचलन में हो। हालांकि, हमारा यह नाश्ते का विचार, न केवल खाने के लिए अच्छा होगा, बल्कि बच्चों को वीबीएस (वेकेशन बाइबल स्कूल) से जोड़े रखने का एक पसंदीदा क्रियाकलाप भी होगा। आपके वीबीएस में उपस्थित सभी लोग

क्रियाकलाप के साथ साथ नाश्ते का भी लुफ़्त उठा सकेंगे। अपने इलाके में उपलब्ध नियमित सामग्रियों में से कोई नाश्ता बनायें और सब मिलकर मजा लें!




## दलदली खेल:

खेल से ज्ञान बढ़ता है, संचार को उत्साहित करता है और साथ ही साथ बच्चों को काफी खुशी भी देता है। इसीलिए इस वी.बी.एस. में, हमने कुछ खेलों को शामिल किया है जहां पर बच्चे बांटना, अपनी बारी में प्रतिक्रिया करना, और दूसरों की सुनना आदि बातें सीखेंगे। हर पाठ के लिए शामिल किए गए किसी एक खेल को चुनें या समय हो, तो दोनों को ले सकते हो। बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों की संख्या के अनुसार छोटे छोटे समूहों में बांट लें। इस बात का ध्यान रखें कि जवान बच्चे, किशोर और छोटे बच्चे हर समूहों में एक समान ही हो। पहले दिन में ही अपने टीम का गठन करें और उसे पूरे सप्ताह के दौरान बनाए रखें!

## अतिरिक्त विचार:

### मेज़ की सजावट:

एक लम्बे मेज़ पर एक हरा या भूरा कपड़ा बिछाकर इसकी शुरूआत करें। अलग अलग टोकरियों और बर्तनों को भरें, कुछ रूई से भरे जानवर और बंदरों को रखें, और अपने इलाके में सुलभता से मिलने वाले फल या मिठाई का इस्तेमाल करें जो कि एक जंगल का अहसास कराएं।






### जंगल शरबत

आप किसी संतरे या नींबू सोड़ा से आरंभ कर सकते हैं और जंगली पत्तों का लेबल का इस्तेमाल करते हुए उसे सजा सकते हो और उस पर "जंगल शरबत" लिखें। आप अपने स्वयं के फल के पाउडर पाउच का भी इस्तेमाल कर सकते हो।




### बंदरों के लिए केले

हमने एक बर्तन या टोकरी को केलों से भर दिया है और इसे रूई से भरे बंदरों और जानवरों से सजा दिया है। हमने एक लेबल भी लगाया है जिस पर लिखा है, "बंदरों, तुम्हारे लिए केले।" बच्चे अवश्य इस मजेदार नाश्ते को पसंद करेंगे।



## बाघ के चेहरे




हमने छोटे मैंडराइन या टैंगराइन संतरों का इस्तेमाल किया है, लेकिन आप अपने इलाके में आसानी से मिलने वाले संतरों का इस्तेमाल कर सकते हो। हर संतरे पर बाघ का चेहरा बनाने के लिए आप काले रंग के स्थायी स्याही (पेरमानेंट मार्कर) का इस्तेमाल कर सकते हो। बच्चों को इन ''बाघों'' को चुनने में काफी मजा आएगा।




## जिंदा कीडे़

अगर आप प्लास्टिक के छोटे कीड़ों को पा सकते हो तो इस प्रदर्शनी के लिए वे सबसे उपयुक्त हैं। उन्हें धुले हुए पत्तों पर रखें या बर्तनों में जिस पर लिखा हो, ''जिंदा कीड़ें'' या ''हकूनामाटाटा''।

## बाघ के पंजे




नारंगी रंग के ''चीटोस'' इस विचार के लिए सबसे उपयुक्त हैं, लेकिन आप किसी भी तरह के नारंगी नाश्ते का इस्तेमाल कर सकते हो जो आपके इलाके में उपलब्ध है। आप गाजर के छोटे टुकड़े कर सकते हो और उस पर लिख सकते हो ''बाघ के पंजे'' अगर आपको इस तरह का कोई स्नैक्स या नाश्ता नहीं मिल पाता।



## स्वादिष्ट चींटियाँ



इस नाश्ते को बनाने के लिए, थोड़ी सी मात्रा में रेड़सन, ब्लूबैरीज़, या सूखी क्रैनबैरिज़ को इस तरह से बर्तन पर रखे कि ऐसा लगे जैसे कि चींटियों की कोई पंक्ति या झुंड़ वहां पर हो। ऐसा करते समय बच्चों के चेहरों को देखें कि किसमें इतना साहस है कि उन को अपना नाश्ता बना सके।

## सांप

इस नाश्ते के लिए, हमने एक खीरा से शुरूआत की। कोई भी हरा फल या हरी सब्जी इसके लिए उपयुक्त रहेगी। लगभग 4 से.मी. क्षेत्र "सिर" के लिए छोड़कर गोलाकर या छोटे टुकड़ों में काटना आरंभ करें। सिर को सजाने के लिए, आंख को काटें और जीभ को लाल मिर्च या टमाटर से सजाएं।आप अपने खाने की मेज़ को सजाने के लिए डिस्पोसिबल बर्तनों पर जानवरों के चित्र भी बना कर रख सकते हो, और काले रंग के बिस्कुटों से भर सकते हो जैसे कि ओरियोस।



## भोजनालय )कैंटीन( या पानी की बोतल

### सामग्रियां:

- दो डिस्पोसिबल बर्तन, लगभग 10 से. मी. के व्यास
- कागज के बर्तन के लिए गोंद या ठंडे सिलीकोन गोंद
- कैंची
- हरे या भूरे टिशू पैपर या रंग और ब्रुश
- टायलेट पेपर ट्यूब का आधा भाग (दो विद्यार्थियों के लिए एक ट्यूब)
- घुंघराले रिबन या तार

### निर्देश :

- एक बड़े अक्षर में लिखे U को हर प्लेट पर बनाएं, और इसे लगभग टायलेट पेपर ट्यूब के आकार में ही बनाएं।
- U को काट लें, U को मिलाते हुए दोनों प्लेटों को जोडें।
- ट्यूब को चिपकाओ जहां पर U लिखा हुआ हैं।
- दोनों प्लेटों/बर्तन को चिपका दें।
- आप बच्चों से कह सकते हो कि वे अपने भोजनालय को रंग भरकर सजा सकते हो या रंगीन कागजों को चिपकाकर छलावरण की तरह सजा सकते हो।



प्रत्येक किनारे पर एक छोटा छेद करें और रिबन हैंडल को कैंटीन या पानी की बोतल पर बांध लें।

# पाठ 1

यीशु मसीह मुझे बलवंत बनाते हैं

## मुख्य बिंदु (पाठ 1)

मैं प्रभु में बलवंत हूं, जब मैं कमज़ोर महसूस करता हूँ।

## बाइबल पाठ (पाठ 1)

दलीला धोखा देती है (न्यायियों 16:1-31)

## परिचय (पाठ 1)


इस नए सत्र में, टिके हुए लोग कई नए प्रतिभागियों को अंतिम परीक्षण में डालकर यह सिद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं कि कौन सी टीम को जीतने, टिके रहने और विजयी होने के लिए क्या आवश्यक है!

“जंगल की जंग में टिके रहना” में आपका स्वागत है।

प्रतिदिन लोग आपको मूर्ख बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं और आपसे ऐसी बातें करने को कहते हैं जिससे उन्हें फायदा हो। फिर भी, जब हम यह सीखने में लगे रहते हैं कि हम यीशु मसीह में कौन है तो हमें दृढ़विश्वास होता है! (आज के दिन की बाइबल की आयत से परिचित कराएं : 2 कुरिन्थियों 12:10)। आज हम बोगली से मिलेंगे और देखेंगे कि वह किस प्रकार से फिसलने वाले सांप की धूर्तता पर जीत प्राप्त करता है। हम नाश्ते के समय अपनी ताकत बढ़ाने के लिए कुछ वज़न उठाने का कार्य करेंगे और भालू के शिल्पकला और खेलों को खेलेंगे! उसके बाद हम अपनी बाइबलों को उठाएंगे और देखेंगे कि किस प्रकार शिमशोन को दलीला के द्वारा मूर्ख बनाया गया, और अंत में वह किस प्रकार से अपनी ताकत के द्वारा विजय प्राप्त कर पाया। आइए, हम एक साथ मिलकर आज के मुख्य बिन्दु को देखें, ”मैं प्रभु में बलवंत हूं, जब मैं कमज़ोर महसूस करता हूँ।“ दिन के अंत में, आप और मैं इस बात पर दृढ़विश्वास हो सकते हैं कि हम इस जंगल की जंग में टिके रहेंगे, जब हम जानते हैं कि हम प्रभु यीशु में बलवंत हैं!

## जानवर पाठ)1)

सांप बहकाता है और भालू सहायता करता है।



## टीमें (पाठ 1)

टीमों को अलग करें और प्रत्येक टीम के लिए एक नाम रखें। नामों को सीखने के लिए खेल खेलें।

## बाइबल की आयत (पाठ 1)

*"इस कारण मैं मसीह के लिए निर्बलताओं में, और निंदाओं में, और दरिद्रता में, और उपद्रवों में, और संकटों में प्रसन्न हूं; क्योंकि जब मैं निर्बल होता हूं, तभी बलवन्त होता हूं।"* - 2 कुरिन्थियों 12:10

## नाटक (पाठ 1)

बोगली अपनी जंगल की गाड़ी में सो रहा है और उसके मोबाइल फोन पर अलार्म बजता जा रहा है। वह अपने "स्नूज़" के बटन को बार-बार दबाता है और उसके बाद अचानक ही उसे महसूस होता है कि उसे देर हो चुकी है! वह जाग उठता है और जीप से कूदकर बाहर आता है। बोगली चिल्लाता हुआ दौड़ता है कि वह जंगल के स्कूल के लिए लेट हो गया है और वह अपने मित्र भालू को तुरन्त ही वाट्सअप सन्देश भेजता है। बोगली ने बच्चों को अपने जंगल के स्कूल के बारे में बताया था, परन्तु अब उसे देर हो गई थी और अपने नाश्ते को छोड़ना पड़ रहा था। उसे भय था कि उसके शिक्षक उसे देर से आने के कारण सजा देंगे। जल्दबाज़ी में तैयार होते हुए, उसका पेट गड़गड़ा रहा था और अपने नाश्ते को छोड़ते हुए उसे बहुत दुख हो रहा था। सांप वहां आता है और वह बोगली को रूककर अपना नाश्ता करने के लिए कहता है। सांप उसे बहका रहा था, यह कहकर कि उसे अपने आप की चिंता करनी चाहिए। भालू भी दृश्य में आता है और बोगली को प्रोत्साहित करता है कि उसे अवश्य ही समय पर स्कूल जाना चाहिए! बोगली रुकने के लिए प्रलोभित हो रहा था क्योंकि सांप उसे उसके प्रिय नाश्ते खिचड़ी को परोसने जा रहा था। (अपने स्थान से एक प्रिय भोजन को चुनें और वीबीएस के प्रत्येक दिन के लिए उसे रखें।) बोगली कहता है, हे! तुम्हारे तो कोई हाथ भी नहीं है! तुम किस तरह से नाश्ते को परोस सकते हो**?"** फिर वह अपने दोनों जानवरों को छोड़कर दौड़ लगा देता है! जब बोगली जंगल के स्कूल में पहुंचता है जो वहां पर फलों से भरी हुई एक बड़ी प्लेट रखी दिखाई देती है और साथ ही उसकी प्रिय खिचड़ी भी! आज स्कूल में एक खास दिन है, और उन्होंने प्रत्येक के लिए नाश्ते का इंतज़ाम किया है!!! बोगली एक और व्हाट्सअप संदेश भालू को यह कहते हुए भेजता है कि वाह! जब मैं कमज़ोर महसूस करता हूं, मैं बलवंत होता हूं, क्योंकि परमेश्वर मेरी ओर है! इस सुबह मैं कमज़ोर महसूस कर रहा था और लगातार स्नूज़ बटन को दबा रहा था, परन्तु कोई नहीं जानता क्योंकि मैंने समय पर आने के लिए अपने नाश्ते को छोड़ दिया था! मैं बिना भोजन के पूरे दिन कमज़ोर महसूस करता, परन्तु अब मैं इस स्वादिष्ट भोजन को पाकर बलवंत महसूस कर रहा हूं। मैं प्रभु में बलवंत हूं, जब मैं कमज़ोर महसूस करता हूँ। यीशु मसीह मुझे बलवंत बनाते हैं।




## गुफा कक्षा (पाठ 1)

### दलीला धोखा देती है

**(न्यायियों 31-16:1)**

जैसे आप प्रत्येक सत्र में बाइबल की कहानियों को बताते हैं, तो विद्यार्थियों से

कहें कि वे दिखाई गई तस्वीर बनाएं। जितनी सरल हो सके उतनी ही सरल तस्वीरें बनाएं, ताकि आपके विद्यार्थी उन्हें आसानी से नक़ल कर सकें।




1.शिमशोन बहुत ही अधिक बलवंत था। शत्रु उसे पकड़ना चाहते थे, परन्तु बहुत से सैनिक भी इसे नहीं कर पाए। फिर भी, हर कोई यह बात जानता था कि उसकी इस अद्भुत ताकत के पीछे कुछ न कुछ रहस्य तो है। पलिशितियों ने दलीला को यह वादा किया कि यदि वह शिमशोन के इस राज को उन्हें बता देगी तो वे उसे बहुत सारा चांदी देंगे। शिमशोन दलीला से प्रेम करता था, परन्तु दलीला उससे ज्यादा पैसे से प्रेम करती थी।

चित्र 1: चांदी के सिक्कों से भरा हुआ एक बड़ा थैला




2. दलीला शिमशोन से उसका राज़ पूछते समय अपने पास सैनिकों को तैयार रखती है। शिमशोन ने दलीला से कहा कि यदि उसे धनुष के नए तार से बांध दिया जाएगा तो वह अपने आप को छुड़ा नहीं पाएगा, परन्तु वह झूठ बोल रहा था। जब वह सो गया तो उसने उसे बांध दिया, परन्तु जब वह जागा, उसने उन तारों को आसानी से तोड़ डाला। दलीला ने शिकायत की और उससे नाराज़ हुई क्योंकि उसने उससे झूठ बोला था। इसके बाद भी, उसने महसूस नहीं किया कि दलीला उसे धोखा दे रही है। इसके बाद शिमशोन ने उससे कहा कि नई रस्सियां काफी मज़बूत होती हैं। उसने फिर से उसे बांध दिया और उसने फिर से आसानी से उन रस्सियों को तोड़ डाला। फिर इसके बाद, उसने बताया कि उसके बालों की चोटी बनाने से वह उसे पकड़ सकती है, परन्तु जब उसने यह किया तो वह फिर से हार गई।

चित्र 2: एक लम्बे बालों से भरा हुआ सिर, शिमशोन की तरह सात चोटी बनाए हुए।



3. अंततः दलीला ने उसपर दबाव डालने के सबसे मज़बूत मार्ग का उपयोग किया जिसे वह चाहती थी। उसने कहा कि" क्या तुम मुझ से प्रेम नहीं करते हो? यदि तुम मुझसे प्रेम करते हो तो मुझे सच बताओ।" यदि आपका परम मित्र आपको यह बातें कहे, तो क्या जो वह चाहता है आप करोगे? शिमशोन हार गया और उसे अपना राज़ बता दिया। उसने कहा, "मेरे बाल मेरी ताकत हैं।" यदि उन्हें काट दिया जाए तो मैं एक सामान्य व्यक्ति की ही तरह कमज़ोर हो जाऊंगा।

चित्र 3: एक व्यक्ति सो रहा है और उसके सिर के आधे बाल कटे हुए हैं।



4. दलीला जानती थी कि उसने अंततः अपना राज़ उसे बता दिया है। उसने एक व्यक्ति का इंतज़ाम किया कि जब वह सो रहा हो तो उसके बाल काट दिए जाएं और सैनिक उसके पकड़ने के लिए आ गए। इस समय यह सफल रहा। सैनिक फुर्ती से

उसके पास आए और गंजे शिमशोन को उन्होंने पकड़ लिया, उसे प्रताड़ित किया और उन्होंने उसे जेल में डाल दिया।

चित्र 4: एक जेल जिसकी खिड़कियों में सलाखें हों।



5. जेल में रहते हुए शिमशोन के बाल फिर से बढ़ने लगे और उसने महसूस किया कि उसकी ताकत परमेश्वर की ओर से दिया गया दान था। उसे दागोन के एक बड़े जलसे में लाया गया, एक झूठा देवता जिसकी उपासना फिलिस्तीनी लोग करते थे। उसने परमेश्वर से प्रार्थना की और ताकत मांगी, और परमेश्वर ने उसकी प्रार्थना का उत्तर दिया। शिमशोन अंत में फिलिस्तियों से युद्ध को जीतने में सफल रहा।

चित्र :5 एक प्रार्थना करता हुआ आदमी

अभिप्राय:

कक्षा के सामने दो विकल्पों को पढ़ें। ”अभिप्राय“ से तात्पर्य विद्यार्थियों को सोचने पर मजबूर करना है, इसलिए आपको अपने दोनों हिस्सों को सम्भवतः सही रखने होंगे। दिए हुए विकल्पों को पढ़ें और उन्हें ऐसा प्रतीत होने दें कि दोनों उत्तर सही हैं। यदि आप चाहे तो चुनाव के लिए स्टीकरों का उपयोग कर सकते हैं। उन्हें सही उत्तर नहीं दिखाने की कोशिश करें, परन्तु उन्हें स्वयं इसके बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें।

**प्रश्नः क्या शिमशोन को अपना राज़ छिपाए रखना चाहिए था?**



अ. जब कहा गया कि “यदि तुम मुझे सचमुच प्रेम करते हो तो तुम्हें अपना राज़ मुझे बताना होगा,“ तो कोई भी अपना राज बता देता। यदि मैं शिमशोन होता तो मैं भी यही करता।


ब. जब कहा गया, “यदि तुम मुझे सचमुच प्रेम करते हो तो तुम्हें अपना राज मुझे बताना होगा,“ कोई भी इसे संदेहास्पद मानकर समझ जाता कि यह एक चाल है। यदि मैं शिमशोन होता, तो मैं उसे अपने बालों के बारे में कभी नहीं बताता।

हम प्रतिदिन बहकाए जायेंगे, जिस प्रकार से शिमशोन को बहकाया गया था। लेकिन हम कठिनाईयों में आनन्द कर सकते हैं, क्योंकि उस समय में परमेश्वर हमारी सहायता करता है! हम प्रभु में बलवंत हैं, जब हम कमज़ोर महसूस करते हैं।

## बाइबल निर्देशन (पाठ 1)

इस नदी में आपका स्वागत है जिसमें हम बाइबल का निर्देशन एक डोंगी में प्राप्त कर रहे हैं। आइए आज के दिन के पाठ का शीर्षक, नारा, और याद करने वाली आयत को हम सभी दोहराएं। विद्यार्थियों की पुस्तक को एक दूसरे को दें, और छिपी हुई भूलभुलैया के साथ प्रारम्भ करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। अगला, बच्चों को उनकी पुस्तक में पाई जाने वाली 2 क्रियाकलापों को करने को कहें और उनके पृष्ठों पर उन्हें रंग भरने दें।

उत्तर :




(मध्यम पुस्तक के उत्तरों को सरल और कठिन उत्तरों को खोजते हुए प्राप्त कर सकते हैं।)

## उष्णकटिबंधीय रेस्तरां (पाठ 1)

### शक्ति के बार्बेल्स

**सामग्रियाँ**: (आपके क्षेत्र में उपलब्ध चीज़ों को चुनें)

- छड़ी: प्रेट्जेल, स्कूवर, टूथपिक्स, गाजर स्टिक्स या जैकामा स्टिक्स।
- वज़नः अंगूर, पनीर के क्यूब्स, मार्शमॉले, जैतून, स्ट्रॉबेरी या तरबूज क्यूब्स।

**निर्देशः**





- दिखाए कि छड़ों के अंत में भार को किस प्रकार से चिपका सकते हैं।
- बच्चों को उनकी स्वयं की बारबेल्स बनाने दें।




## दलदली खेल (पाठ 1)

### 1. सांप की यात्रा

एक साथ आठ से दस रिंगों (साइकिल के टायरों) को किसी रस्सी या तार की सहायता से बांध दें (स्मरण रखें कि यदि ऐसी कोई तार हो, तो उसको सुरक्षित किया जाना है)। उन्हें मज़बूत पेड़ों से बांध कर लटका दें और या वहां कोई पेड़ न हों, तो प्रत्येक रिंगों को पकड़ने के लिए दो लोगों का उपयोग करें। यदि आप के पास उन्हें लटकाने का कोई मार्ग न हो, तो आप उन्हें ज़मीन पर भी रख सकते हैं। प्रत्येक टीम को एक पंक्ति बनानी होगी और उन्हें उन टायरों या रिंगों में उतरना होगा।

### 2. यहां हमारे बीच में

इस खेल के लिए आप मध्यम आकार के गुब्बारों का या पेपर गेंदों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बच्चों को दूर फैलाकर उन्हें अपनी आंखें बंद करने को कहें और फिर चलाना फिराना या घुमाना प्रारम्भ करें। जिस पहले व्यक्ति को वे छुएं, उन्हें पकड़े रहें और ये उनके साथ खेल खेलने वाले नए सहभागी होंगे। सुझाव : याद रखें कि बनाए गए जोड़े एक से ही कद के हों। प्रारम्भ और समाप्ति की लाइन को बनाएं, प्रत्येक जोड़े को एक फूला हुआ गुब्बारा या गेंद दे दें। वे उस गेंद को अपने पेट की ऊंचाई पर रखेंगे और वे उसे उस स्थान पर दबाते हुए रखेंगे। इसके बाद अपने हाथों का इस्तेमाल किए बिना वे एक दूसरे के चारों ओर घूमेंगे, गेंद को गिराए बिना या गुब्बारे को बिना फोड़े वे समाप्ति लाइन की ओर जाएंगे।




## जलप्रपात शिल्पकलाप (पाठ 1)

### एक भालू को रंग करना



प्रिंट निकालकर भालू के सिर, आंखें और नाक बनी हुई तस्वीरें प्रत्येक विद्यार्थी को दें।

1. बच्चे रंग भरें और आंखों और नाक को काटकर निकाल लें। बच्चों को जहां कहीं भी घेरे में सफेद आंखें हो, उनपर काला रंग भरने दें जिससे वे रचनात्मक और रोचक परिणामों को प्राप्त करेंगे।
2. प्रदर्शित करें कि किस प्रकार से एक चम्मच के पीछे थोड़ा सा रंग लगायें और कानों को रंगने दे जहां कहीं पर भी भूरे कान दिखाई दे रहे हों।
3. प्रदर्शित करें कि कांटे से किस प्रकार से फरों को रंग किया जाता है, नाक की ओर से शुरू करते हुए आगे की ओर बढ़ें।
4. आंख और नाक को उनके स्थान पर चिपका दें।

*भूरा रंग कैसे बनाया जाता है:* एक समानता में सभी मुख्य रंगों को मिलाएं: लाल, पीला और नीला। यदि भूरा रंग अत्याधिक गाढ़ा दिखाई दे रहा हो तो आप सफेद रंग का एक हल्का सा टच दे सकते हैं।

## सारांश (पाठ 1)

लोग हमें धोखा देने की कोशिश करेंगे, ठीक जैसे शिमशोन को दलीला ने धोखा दिया और आज सांप के द्वारा बोगली को बहकाया गया। यहां पर ऐसे लोग भी हैं जो आपके चीज़ों को ले लेंगे या ऐसा दिखायेंगे कि वे आपकी ओर हैं, जबकि वे आपके साथ नहीं हैं। फिर भी, अब हम जान सकते हैं कि हमारा प्रभु यीशु मसीह हमारे साथ हैं और वे हमें कभी भी नहीं छोड़ेंगे। जब हम परमेश्वर में विश्वास करते हैं, तो हम बलवंत बने रहेंगे चाहे हम कमज़ोर क्यों न हों। और जिस प्रकार से हमारी बाइबल की आयत बताती है कि जब मसीह की सामर्थ हमारे भीतर प्रवेश करती है तो हम परेशानियों, कठिनाईयों और कमज़ोरियों में भी आनन्द कर सकते हैं। आइए हम सब मिलकर आज के मुख्य बिंदु को एक साथ मिलकर दोहराएं...

**"मैं प्रभु में बलवंत हूं, जब मैं कमज़ोर महसूस करता हूँ।"**

कल दोबारा वी.बी.एस ''जंगल की जंग में टिके रहने '' के एक और रोमांचक सफर पर चलने के लिए आएं, जहां पर हम देखेंगे कि किस टीम के पास टिके रहने और जीतने वाली चीज़ें पाई जाती हैं!

# पाठ 2

## यीशु मसीह मुझे संतुष्ट करते हैं

### मुख्य बिन्दु (पाठ 2)

खुश रहने के लिए जो कुछ चाहिए वह सब मेरे पास है।

### बाइबल पाठ (पाठ 2)

आकान चोरी करता है (यहोशू 7:1-23)

### परिचय (पठ 2)

कल हमने एक नया सरवाईवर सत्र की शुरूवात की, जहां हमारी टीमों ने यह साबित करने की कोशिश की कि वे सर्वोत्तम है। उन्हें इसकी कोई अंदाज़ा नहीं था कि ऐसा करने में कितना मज़ा आएगा, और उन्होंने यह सीखने की चुनौती को स्वीकार किया कि मसीह में वे क्या हैं। आप हमारे साथ टवीटर में के माध्यम से जुड़ सकते हैं, और अपने विचार हमें बताएं। (अपने देश की पसंदीदा सोशल मिडिया का आप इस्तेमाल करें। आपको उसके लिए अलग से अकाउन्ट बनाने की ज़रूरत नहीं है; बस मज़े के लिए ऐसा कहा)। हर दिन हम अपने आस-पास बाकी लोगों को अपने से ज्यादा चीज़ों, कपड़ों या फोन के साथ देखते हैं। किन्तु जब हम यह समझ जाते हैं कि हम मसीह में क्या हैं तो हम जो है और जो हमारे पास है उससे हम सन्तुष्ट हो जाते हैं! (आज के दिन की आयत बताएं: फिलिप्पियों 4:12)। सच्चाई यह है कि जब हम अपने जीवनों में परमेश्वर पर विश्वास करते हैं और हर दिन यीशु का अनुसरण करते हैं तो गहरे आनन्द का अनुभव कर सकते हैं। क्या आपको कल का बोगली याद है? हम दोबारा एक मिनट में उसे देखेंगे और समझेंगे कि जब वह दूसरों से जलता है तो अपनी संतुष्टी और आनन्द को खो देता है। और आज हम बाइबल में से एक ऐसे व्यक्ति के बारे में सीखेंगे जिसने चोरी करने के प्रलोभन में आकर अपनी खुशी को खो दिया। नाश्ते के समय हम देखेंगे कि उसने क्या चुराया था और शिल्पकला के समय हम एक छोटे हाथी को हमें यह याद दिलाने के लिए बनाएंगे कि हमें हमेशा खुश और ताकतवर बने रहना है। आइए, आज के मुख्य बिन्दु को एक साथ दोहराते हैं, ''खुश रहने के लिए जो कुछ चाहिए वह सब मेरे पास है''। दिन के अंत में, आप और मैं इस बात पर दृढ़निश्चय होंगे कि जब हम यह जान जाते हैं कि प्रभु यीशु मसीह में हम सन्तुष्ट हैं, तो हम इस जंगल की जंग में टिक पाएंगे!

### जानवर (पाठ 2)

लकड़बग्घा चुराता है और हाथी मदद करता है।



### टीमें (पाठ 2)

सभी टीमों को अलग अलग करें और एक साथ अपनी टीम के लिए कोई गीत, नारा या वाक्य सीखें।

## बाइबल की आयत 2 पाठ))

*"मैं दीन होना भी जानता हूं और बढ़ना भी जानता हूं; हर एक बात और सब दशाओं में तृप्त होना, भूखा रहना और बढ़ना-घटना सीखा है।" - फिलिप्पियों 4:12*

## नाटक (पाठ 2)

बोगली का अलार्म बजता है और वह अपनी जीप से बाहर कूदता है, जगा हुआ और तैयार! वह खुश है कि आज वह सोया नहीं, इसलिए वह तैयार होता है और अपनी पसंदीदा खिचिडी कटोरे में डालकर खाने लगता है और खुशी से सीटी बजाता है। वह केला लेता है और उसके छीलके को फेंक देता है। जब वह अपना नाश्ता खा रहा होता है तभी हाथी प्रवेश करता है, जो अपने मोबाइल फोन में गेम खेल रहा होता है और केले के छिलके पर उसका पैर पड़ता है और वह फिसल पड़ता है। बोगली को हाथी को खेलता देखकर बहुत जलन होती है और वह उसे देखता रहता है और हाथी से उसके बारे में पूछता है। (अगर आप चाहें तो खिलौने को बदलकर वह खिलौना ले सकते हैं जिससे आपके इलाके के बच्चों को जलन होती है।) हाथी बार-बार जोर से हंस हंस कर गेम खेलकर बोगली की जलन को और बढ़ा रहा था। तभी लकड़बग्घा आता है और बोगली से कहता है कि उसे जलन करने की कोई ज़रूरत नहीं है क्योंकि उसके पास एक समाधान है! जैसे ही हाथी अपने फोन को नीचे रखकर बोगली से बातें करना शुरू करता है, लकड़बग्घा आकर उसके फोन को चुरा लेता है! बोगली हैरान हो जाता है और लकड़बग्घे को हाथी को कुछ पता लगे बगैर यह बताने की कोशिश करता है कि वह ऐसा न करे। तभी अचानक उसे याद आता है कि आज फिर वह स्कूल जाने के लिए लेट हो गया है! वह उठकर पागलों की तरह अपनी पैंन्सिल ढूढ़ने को दौड़ता है। जैसे ही उसे मिलती है वह उसे फिर गिरा देता है। (कुछ समय पैन्सिल ढूढ़ने और गिराने में लगाए)। उसके बाद बोगली स्कूल के लिए निकल जाता है। स्कूल जाते समय उसको उसके फेसबुक पर सन्देश मिलता है कि आज उसकी कक्षा खेल के मैदान में खेलने के लिए जायेगी। अब वह सीधा खेल के मैदान में चला जाता है। एक और बार, बोगली बिल्कुल समय पर है और सन्तुष्ट है। उसे वह संदेशा उसके फ़ोन पर मिला था जो हाथी की तरह शानदार तो नहीं थी और न ही उसके पास हाथी की तरह एक अच्छा गेम था, तौभी उसके फोन ने सही समय पर उसे जंगल के स्कूल में पहुंचने में मदद की। वह कहता है, वाह! खुश रहने के लिए जो कुछ चाहिए वह सब मेरे पास है! चाहे मेरे पास वे सब खिलौने ना हों जो बाकी लोगों के पास हैं, तौभी यीशु मसीह मुझे संतुष्ट करता है।





## गुफा कक्षा (पाठ 2)

### आकान चुराता है

(यहोशू 7:1-23)


जैसे आप प्रत्येक सत्र में बाइबल की कहानियों को बताते हैं, तो विद्यार्थियों से कहें कि वे दिखाई गई तस्वीर बनाएं। जितनी सरल हो सके उतनी ही सरल तस्वीरें बनाएं, ताकि आपके विद्यार्थी उन्हें आसानी से नक़ल कर सकें।



1. आकान यहोशू की सेना का एक सैनिक था जब वे यरीहो के चारों तरफ छावनी डाले हुए थे। वह युद्ध परमेश्वर के द्वारा बहुत सामर्थी तरीके से जीता गया जब शहरपनाह खुद अपने आप अन्दर की ओर ढह गई। परमेश्वर ने लोगों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि लोगो को सोना, चांदी, कपड़ा या कुछ भी मिले, तो उसे न लें।

चित्र 1: यरीहो की दिवार

2. यहोशू की सेना का अगला युद्ध ऐ नगर के साथ था। किन्तु वे युद्ध हार गए, जबकि वे आसानी से इसे जीत सकते थे। तब यहोशू ने परमेश्वर से यह जानने के लिए प्रार्थना की कि वे युद्ध क्यों हार गए। तब परमेश्वर ने बताया कि वह इस्त्राएलियों से नाराज़ हैं क्योंकि उन्होंने उसके र्निदेशों को नहीं माना था। उसने पाया कि परमेश्वर के प्रति जो प्यार और आज्ञाकारिता होनी चाहिए वह चीज़ों ने ले ली थी।




चित्र 2: सैनिको के दुखी चेहरे क्योंकि वे युद्ध हार गए थे।



3. परमेश्वर ने यहोशू से कहा कि लोगो से कहे कि वे अपने आप को शुद्ध करें और कल परमेश्वर दिखाएगा कि किसने चोरी की है और उसे कहाँ छिपाया है। यह आकान के लिए मन फिराने और परमेश्वर को वस्तुओं से बढ़कर प्रेम करने से वापस लौटने का एक मौका था। उसे यह समझ जाना चाहिए था कि खुश रहने और परमेश्वर को प्रसन्न करने के लिए उसे जो कुछ चाहिए था, वह उसके पास है।

चित्र 3: यहोशू घुटनों पर प्रार्थना करते हुए परमेश्वर से बात कर रहा है।

4. अगले दिन यहोशू ने सब गोत्रो को सामने बुलाया और उसके बाद परिवारो को और फिर परिवार के हर सदस्य को। परमेश्वर ने यहोशू को दिखाया कि अपराधी आकान है। जब पूछा गया, आकान ने कहा कि जब उसने सुन्दर और मूल्यवान वस्तुएं देखीं, तो उसे अपने लिए लेने का मन किया। इसलिए उसने उन्हें ले लिया और अपने तम्बू के नीचे मिट्टी में छिपा दिया। यहोशू ने संदेशवाहाको को उसके तम्बू में देखने के लिए भेजा और उन्हें वे वस्तुएं मिल गई जैसा कि आकान ने बताया था। यहोशू ने वे मूल्यवान वस्तुऐं लेकर परमेश्वर को दी और आकान को सज़ा मिली।



चित्र 4: आकान ने जो वस्तुएं ली थीः एक सुन्दर कपड़ा, सोने की छड़ी और चांदी के सिक्के



5. परमेश्वर ने यहोशू से कहा, "मत डर और दोबारा ऐ नगर पर आक्रमण कर और मैं तुझे विजय दूंगा।" एक और बार परमेश्वर ने उन से कहा कि उस नगर से कोई वस्तु मत लेना। इस बार सब ने आज्ञा मानी और उस नगर को जला दिया गया। उन्होंने युद्ध को जीत लिया, और खुश थे कि परमेश्वर ने उनको युद्ध जीतने में मदद की।

चित्र 5: हंसते हुए चेहरों के साथ सैनिक और हाथ उठाकर परमेश्वर की स्तुति कर रहे हैं।

अभिप्राय :

कक्षा के सामने दो विकल्पों को पढ़ें। "अभिप्राय" से तात्पर्य विद्यार्थियों को सोचने पर मजबूर करना है, इसलिए आपको अपने दोनों हिस्सों को सम्भवतः सही रखने होंगे। दिए हुए विकल्पों को पढ़ें और उन्हें ऐसा प्रतीत होने दें कि दोनों उत्तर सही हैं। यदि आप चाहे तो चुनाव के लिए स्टीकरों का उपयोग कर सकते हैं। उन्हें सही उत्तर नहीं दिखाने की कोशिश करें, परन्तु उन्हें स्वयं इसके बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें।

**प्रश्नः क्या आकान के लिए कुछ चीज़ों को लेना सही था?**

क. आकान को यह पता होना चाहिए था कि परमेश्वर सब कुछ देखता है और अनआज्ञाकारिता के लिए सज़ा दी जाएगी। वह बहुत गलत था जब उसने सब लेकर चुराया और छिपा दिया।



ख. आकान जानता था कि वह शहर नष्ट होने वाला है और कोई भी उसमें से कुछ अच्छी चीज़ों को लेने का मौका नहीं छोड़ना चाहेगा क्योंकि ये सब नष्ट होकर ही रहेगा। उसे पता था कि अगर वह उन्हें अच्छी तरह से कहीं छिपा देगा तो वह कभी पकड़ा नहीं जाएगा।


मुझे भी बहुत बार मन में प्रलोभन आएगा कि परमेश्वर से और मनुष्यों से चुराऊँ, या कोई मेरी किसी चीज़ को चुरा ले, जैसे आकान ने किया। खुश रहने के लिए जो कुछ चाहिए वह मेरे पास है। यीशु मसीह मुझे संतुष्ट करता है।




## बाइबल निर्देशन (पाठ 2)

इस नदी में आपका स्वागत है जिसमें हम बाइबल का निर्देशन एक डोंगी में प्राप्त कर रहे हैं। आइए आज के दिन के पाठ का शीर्षक, नारा, और याद करने वाली आयत को हम सभी दोहराएं। विद्याथियों की पुस्तक को एक दूसरे को दें, और छिपी हुई भूलभुलैया के साथ प्रारम्भ करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। अगला, बच्चों को उनकी पुस्तक में पाई जाने वाली 2 क्रियाकलापों को करने को कहें और उनके पृष्ठों पर उन्हें रंग भरने दें।

उत्तर:




(मध्यम पुस्तक के उत्तरों को सरल और कठिन उत्तरों को खोजते हुए प्राप्त कर सकते हैं।)

## उष्णकटिबंधीय रेस्तरां (पाठ 2)




### आकान का छिपा हुआ खज़ाना

**सामग्रियाँ :**

- प्लास्टिक कप (प्रत्येक बच्चे के लिए एक)
- छोटे प्लास्टिक के चम्मच (प्रत्येक बच्चे के लिए एक)
- चाकलेट पुडिंग मिक्स (बना हुआ या तुरंत बनानेवाला)
- पुडिंग के लिए दूध
- सभी कपों के नीचे रखने के लिए छोटी मिठाईंया



**निर्देश :**

हर कप में एक या दो कैंडी डालें। पुडिंग बनाने के र्निदेश को पढ़ें और उसका अनुसरण करें। जब पुडिंग ठंडा हो जाए, उसे हर कप में भर दें और कप को सील कर दें। बच्चों से कहें: ‘‘यह वह मिट्टी है जिसमें आकान ने चोरी का सामान छिपाया था। आपका काम है कि इसे खोदें और पता लगाएं कि इसमें क्या है।

## दलदली खेल (पाठ 2)




**1.** थोड़ा कूदना

इस खेल के लिए एक प्लास्टिक की बाल्टी और हर बच्चे के लिए एक मग चाहिए। हर टीम को सामने की ओर देखते हुए पंक्ति में खड़े होने का निर्देश दें। पहला व्यक्ति अपने दाहिने हाथ से दूसरे बच्चे के उठे हुए सीधे पैर को पकड़ेगा। इसी तरह दूसरे तीसरे और आगे को। अगर बाहर खेल रहे हैं तो पानी को शामिल कर सकते हैं! बाएं हाथ से पानी से भरा मग उठाना होगा। सिर्फ एक ही छूट है कि पहले बच्चे का मग खाली रख सकते हैं। शुरू और खत्म होने की सीमारेखा बताएं। इशारा मिलने पर सब बच्चे कूदना शुरू करेंगे और खत्म होने की सीमा तक पहुंचकर सभी मग के पानी को अपनी अपनी टीम की बाल्टी में डालेंगे। जिस बाल्टी में सबसे ज्यादा पानी होगा वह टीम जीत जाएगी।

### 2. हर कोई बाल्टी में

समय से पहले मीठा पानी या सादा पानी रखें और पानी पीने की स्ट्रो भी लें। हर समूह एक कसा हुआ घेरा बनाएंगे, जितना पास हो सकता है उतना। पानी के बरतन को बीच में रखें और सब उसमें से एक साथ पीएं जब तक कि बरतन खाली न हो जाए। वह सब एक साथ पी सकते हैं या एक एक करके। अगर आपका समूह बड़ा है तो हर टीम के लिए अलग अलग बरतन रख लें।




## जलप्रपात शिल्पकला (पाठ 2)

### 3D हाथी

प्रत्येक बच्चे को यह प्रिंट करके दें :

- एक हाथी का शरीर और सिर
- 2 छोटी उभरी हुई आँखें
- पूंछ के लिए 2 से.मी. ऊन



1. विद्यार्थिओं को कहें कि सिर और शरीर में रंग भरें और उन्हें काटकर बाहर निकालें।
2. दिखाए कि कैसे कागज को हाथी का शरीर बनाने के लिए हल्के से मोड़ना और जोड़ना है।
3. हाथी की पूंछ को चिपकाएँ।
4. सिर पर आंखों को चिपकाएं।
5. टैब को सिर पर मोड़ें, गर्दन के जोड़ पर इसे डालें और इसके स्थान पर चिपकाएं।

## सारांश (पाठ 2)

परीक्षाएं आऐंगी कि आप दुखी रहें, यहाँ तक कि दूसरों से चुराएं, जैसे कि आकान ने चुराया था और बोगली हाथी के खेल से जलन महसूस कर रहा था। ऐसे लोग आपको मिलेंगे जो जानबूझकर यह दिखाने की कोशिश करेंगे कि उनके पास आपसे ज्यादा है ताकि आपको दुखी कर सकें। किन्तु हम यह जानते हैं

कि प्रभु यीशु हमें सन्तुष्ट करता है और हमें भीतरी खुशी देता है। जब हम परमेश्वर पर भरोसा करते हैं, तब हम संतुष्ट होते हैं फिर चाहें हमारे पास कुछ हो या न हो। और जैसे आज की आयत हमें सिखाती है, हम हर परिस्थिती में संतुष्ट रहने का रहस्य जानते हैं, फिर चाहे भोजन हो या न हो, हमारे पास सामान हो या न हो। आईए आज के मुख्य बिन्दु को एक बार फिर दोहराएं... "खुश रहने के लिए जो कुछ चाहिए वह सब मेरे पास है।"

कल दोबारा वी.बी.एस ''जंगल की जंग में टिके रहने '' के एक और रोमांचक सफर पर चलने के लिए आएं, जहां पर हम देखेंगे कि किस टीम के पास टिके रहने और जीतने वाली चीज़ें पाई जाती हैं।

# पाठ 3

यीशु मसीह मुझे दयालु बनाते हैं

## मुख्य बिंदु (पाठ 3)

मैं दूसरो के साथ ऐसे बर्ताव करूंगा जैसा कि मैं चाहता हूं कि वे मेरे साथ करें।

## बाइबल पाठ (पाठ 3)

गेहजी फायदा उठाता है (2 राजा 5:1-27)

## परिचय (पाठ 3)

''जंगल की जंग में टिके रहना'' वीबीएस के तीसरे दिन में हम आ पहुंचे हैं, जहां हर टीम जीतने के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रही है। आज का दिन उन अवसरों से भरा हुआ दिन होगा जब आप दूसरों को दिखा सकेंगे कि आप किस चीज़ से बने हो। क्या आज ये सभी टीम मौके का फायदा उठा पायेंगे? हर दिन लोग दयारहित होकर, एक दूसरे के सिर पर पांव रखकर ऊपर चढ़ने का प्रयास करते हैं, जिससे हम अपना आत्म- विश्वास खो बैठते हैं। फिर भी, जब हम यह जान जाते हैं कि मसीह में हम कौन है तो हम आत्म-विश्वासी बन सकते हैं! (आज के दिन की बाइबल की आयत को बताएं: लूका 6:31)। आज बोगली अपने जंगल के स्कूल के रास्ते में एक शरारती लडके का सामना करेगा, और उसे निर्णय लेना होगा कि क्या वह अपनी जान पर खेलकर भी दया दिखाएगा या नहीं! आज के दिन के वी बी एस को याद रखने के लिए हम शिल्पकला में एक बन्दर बनाएंगे जिसे हम अपने घर ले जा सकते हैं, और नाश्ते के समय सिक्कों के ढेर को खाएंगे। उसके बाद हम अपने बाइबल खोलेंगे और देखेंगे कि कैसे गेहजी ने अपने मतलब के लिए दूसरो का फायदा उठाया, और फिर वह कैसे एक बड़े संकट में पड़ गया। आईए आज के मुख्य बिन्दु को एक साथ बोलते हैं, ''मैं दूसरो के साथ ऐसे बर्ताव करूंगा जैसा कि मैं चाहता हूं कि वे मेरे साथ करें।'' दिन के अंत में, मैं और आप इस बात पर भरोसा कर सकते हैं कि इस जीवन रुपी जंगल में हम टिके रह पायेंगे जब हम यह जान जाएंगे कि मसीह यीशु में हम दूसरो के प्रति दयालु हैं।

## जानवर (पाठ 3)

बन्दर फायदा उठाता है और तेंदुआ मदद करता है।



## टीमें (पाठ 3)

हर टीम से एक झंड़ा या पोस्टर बनाने के लिए कहें जिसे वे शुक्रवार के दिन आकर फहरा सकें।

## बाइबल की आयत (पाठ 3)

''और *जैसा तुम चाहते हो कि लोग तुम्हारे साथ करें, तुम भी उनके साथ वैसा ही करो।'' लूका 6:31*

## नाटक (पाठ 3)

बोगली का अलार्म बजता है और वह जीप से बाहर आता है और जल्दीबाजी में स्कूल जाने के लिए तैयार होता है। उसका मनपसंद नाश्ता करते समय बोगली यू-टयूब पर एक वीडियो देखता है कि कैसे उसके स्कूल के कुछ शरारती बच्चे एक छोटे बच्चे को छेड़ रहे हैं। उस वीडियो को देखकर वह दुखी हो उठा, लेकिन वह जंगल के स्कूल के लिए लेट नहीं होना चाहता था, इसलिए जल्दी निकल पड़ा। रास्ते में, बोगली ने देखा कि वीडियो में उसने जिस छोटे बच्चे को देखा था, उसी बच्चे को एक बन्दर परेशान कर रहा था। वह बन्दर उसके ऊपर बैठा हुआ था, उसका खाना खा रहा था, उसकी नोटबुक में झांक रहा था। ऐसा लग रहा था कि जैसे बन्दर मुफ्त की सवारी कर रहा था, मुफ्त का खाना खा रहा था और पहले स्कूल पहुंचने के लिए उतावला हो रहा था! बोगली को यह देखकर बहुत बुरा लगा कि बन्दर उस बच्चे का फायदा उठा रहा है, और वह जानता था कि उसे रूककर मदद करनी चाहिए, किन्तु वह स्कूल के लिए भी लेट होना नहीं चाहता था। पूरे हफ्ते वह लगभग लेट हो ही जाता, पर परमेश्वर ने हर बार उसे समय पर पहुंचने में मदद की थी। लेकिन अगर अब वह मदद के लिए रूका तो ज़रूर लेट हो जाएगा। तभी एक तेंदुआ वहां आता है और बोगली को सही काम करने के लिए उत्साहित करता है। बोगली उस बेचारे बच्चे की तरफ देखता है जिसे बन्दर परेशान कर रहा था और फिर निर्णय लेता है कि वह जरूर मदद करेगा। वह सोचता है कि, ''क्या होता अगर बन्दर मेरा फायदा उठा रहा होता?'' इसलिए बोगली और तेंदुआ जाकर बच्चे की मदद करते हैं और बन्दर को भगा देते हैं। जैसे ही बन्दर भागता है, वह एक पेड़ से टकरा जाता है और पीछे की ओर गिर जाता है। वह उठता है किन्तु फिर दोबारा उसी पेड़ से टकरा जाता है, फिर दोबारा उठता है और भाग जाता है। जब बन्दर चला जाता है तो बोगली उस बच्चे की मदद करता है, तभी उसका ध्यान समय की तरफ जाता है और समझ जाता है कि आज वह स्कूल के लिए लेट होगा ही होगा!!! ओह नहीं! तभी, तेंदुआ उन दोनों को उसके ऊपर बैठाकर स्कूल पहुँचाने का प्रस्ताव रखता है। वे तेंदुए की पीठ पर चढ़ जाते हैं और वह उन्हें लेकर जंगल की ओर भागता है। एक बार फिर, वह समय पर स्कूल पहुंच जाता है!!! तब बोगली को याद आता है कि, ''मैं दूसरो के साथ ऐसे बर्ताव करूंगा जैसा कि मैं चाहता हूं कि वे मेरे साथ करें।'' चहरे पर एक मुस्कुराहट के साथ वह कहता है कि, वाह! यीशु मुझे दयालु बनाता है।

## गुफा कक्षा (पाठ 3)




### गेहजी फायदा उठाता है (2 राजा 5:1-27)

जैसे आप प्रत्येक सत्र में बाइबल की कहानियों को बताते हैं, तो विद्यार्थियों से कहें कि वे दिखाई गई तस्वीर बनाएं। जितनी सरल हो सके उतनी ही सरल तस्वीरें बनाएं, ताकि आपके विद्यार्थी उन्हें आसानी से नक़ल कर सकें।



1. नामान एक महान आदमी था, किन्तु उसे कोढ़ था। चंगा होने के लिए वह परमेश्वर के भविष्यवक्ता एलीशा के पास गया। एलीशा ने नामान को यरदन नदी

में सात बार डुबकी लगाने को कहा। नामान ने आज्ञा मानी और अपनी चंगाई को देखकर हैरान रह गया! नामान ने एलीशा को उपहार देने चाहे, किन्तु उसने लेने से इन्कार कर दिया। उसके बाद भी नामान उसे उपहार लेने पर जोर देता रहा। किन्तु एलीशा लगातार उपहार लेने के लिए मना करता रहा।

चित्र 1: नदी में नामान का सिर

2. एलीशा के दास गेहजी ने चंगाई और उन भेंटों को देखा था जिनका प्रस्ताव दिया गया था। जब नामान वापस अपने घर की लौट रहा था, तो गेहजी उसके पीछे उसे रोकने के लिए भागा। गेहजी जानता था कि नामान बहुत धनवान है क्योंकि वह सेना का सेनापति था। उसने झूठ बोलकर उससे कुछ पैसे और कपड़े लेने का निर्णय लिया।



चित्र :2 गेहजी सड़क पर भाग रहा है।




3. गेहजी ने नामान से झूठ बोलकर उससे कुछ उपहार और पैसे ले लिए। यह एक बुरी बात है, किन्तु उसने अपने इस काम के लिए अच्छा बहाना बताया, जैसा कि आज बहुत लोग बताते हैं। एक पाप को छिपाने के लिए और बहुत से पाप करने पड़ते हैं। गेहज़ी ने नामान से कहा कि दो लोग एलीशा से मिलने आ रहे हैं, इसलिए उसने अपना मन बदल लिया है और उपहार स्वीकार करने के लिए तैयार हो गया है। नामान परमेश्वर के प्रति इतना आभारी था कि गेहजी ने जो उससे मांगा, उसका दुगना उसे दे दिया। गेहजी लालची था और परमेश्वर, एलीशा और नामान का अपने मतलब के लिए फायदा उठाना चाहता था।

चित्र 3: पैसों की थैली या बटुआ

4. जैसे ही गेहजी को पैसे और उपहार मिले, वह दौड़कर घर गया और उन्हें अपने घर में छिपा दिया। उसे लगा कि वह यह बात एलीशा से छिपा लेगा और उसे इसके बारें में कभी पता नहीं चलेगा। किन्तु, परमेश्वर ने एलीशा को वह पूरा दिखा दिया जो गेहज़ी ने किया था। हमें यकीन होना चाहिए कि जो कुछ हम करते हैं, वह सब परमेश्वर देखता और जानता है, यहां तक के हमारे हृदय के सोच विचार भी। उसे किसी कहानी से हम बेवकूफ नहीं बना सकते जिसके द्वारा हम जो करते हैं उसे "सही" या "अच्छी बात" साबित कर सके।



चित्र 4: एक घर



5. अब सब लोग जान गए कि गेहजी ने फायदा उठाने के लिए क्या किया है !तब परमेश्वर ने उसे सज़ा दी और उसे नामान का कोढ़ लग गया। गेहजी ने नामान और एलीशा के साथ वैसा व्यवहार नहीं किया जैसा वह चाहता था कि वे उसके साथ करें। "क्या आप एलीश के समान बनना चाहेंगे जो दूसरो के प्रति दयालु था? या गेहजी के

समान जो सिर्फ अपने बारे में सोचकर दूसरो का फायदा उठाता था?”

चित्र 5: बिस्तर पर एक बीमार व्यक्ति

अभिप्राय:

कक्षा के सामने दो विकल्पों को पढ़ें। ”अभिप्राय“ से तात्पर्य विद्यार्थियों को सोचने पर मजबूर करना है, इसलिए आपको अपने दोनों हिस्सों को सम्भवतः सही रखने होंगे। दिए हुए विकल्पों को पढ़ें और उन्हें ऐसा प्रतीत होने दें कि दोनों उत्तर सही हैं। यदि आप चाहे तो चुनाव के लिए स्टीकरों का उपयोग कर सकते हैं। उन्हें सही उत्तर नहीं दिखाने की कोशिश करें, परन्तु उन्हें स्वयं इसके बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें।

**प्रश्नः क्या गेहजी ने नामान से पैसे मांगकर सही किया?**

क. एलीशा का दास होने के नाते एलीशा के चुनाव में हस्तक्षेप करके गेहजी ने गलत किया। जो चंगाई नामान को परमेश्वर ने दी, उसके लिए रुपये लेने से एलीशा ने मना किया। गेहजी को वापस उसे ढूंढ़कर उससे पैसे मांगने नहीं चाहिए थे।

ख. जब हम कुछ सेवा करते हैं तो हम उसके भुगतान की उम्मीद रखते हैं। जैसे कि जब डॉक्टर हमारा इलाज करके हमें अच्छा करता है, तो हम उसका भुगतान करते हैं। अगर नामान से उसकी चंगाई के लिए पैसे मांगे तो यह ठीक है क्योंकि वह चंगा हो गया था।


हर दिन लोग हमारा फायदा उठाएँगे, जैसे कि गेहजी ने नामान का फायदा उठाया। लेकिन हम यह सीख सकते हैं, “मैं दूसरो के साथ ऐसे बर्ताव करूंगा जैसा कि मैं चाहता हूं कि वे मेरे साथ करें।“ यीशु मसीह मुझे दयालु बनाता है।




## बाइबल निर्देशन (पाठ 3)

इस नदी में आपका स्वागत है जिसमें हम बाइबल का निर्देशन एक डोंगी में प्राप्त कर रहे हैं। आइए आज के दिन के पाठ का शीर्षक, नारा, और याद करने वाली आयत को हम सभी दोहराएं। विद्याथियों की पुस्तक को एक दूसरे को दें, और छिपी हुई भूलभुलैया के साथ प्रारम्भ करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। अगला, बच्चों को उनकी पुस्तक में पाई जाने वाली 2 क्रियाकलापों को करने को कहें और उनके पृष्ठों पर उन्हें रंग भरने दें।

## उत्तर :




(मध्यम पुस्तक के उत्तरों को सरल और कठिन उत्तरों को खोजते हुए प्राप्त कर सकते हैं।)

## उष्णकटिबंधीय रेस्तरां (पाठ 3)






### गेहजी के सिक्कों के ढेर

**सामग्रियाँ :**

- गोल नाश्ता जैसे कि बिस्कुट
- हर बच्चे के लिए एक टिशू पेपर

**निर्देश :**

- बिस्कुटों को सिक्कों की तरह एक के ऊपर एक रखें।
- गेहजी बनने का नाटक करें जो धन का लोभी था और थोड़ा सा उठाने का अभिनय करें क्योंकि वहां पर बहुत सारा उपलब्ध है।

सभी बच्चों को टिशू पेपर में एक ''सिक्के'' वाला बिस्कुट दें।

## दलदली खेल (पाठ 3)




### 1. दलदल को पार करना

टायर व रिंग को ज़मीन पर बिछाकर एक "दलदल" बनायें। उसमें कुछ मगरमच्छ बनाकर अलग अलग जगह पर रखें। दलदल-के आखिरी किनारे पर दौड़ के ''शुरू'' और ''खत्म'' होने का चिन्ह बनाएं। शुरू करने से पहले रोमांच पैदा करें और

जीतने वाली टीम को मुबारकबाद दें। विकल्प यह है कि प्रत्येक समूह में बच्चों का एक समूह बनायें और हर ग्रुप को एक “घायल बच्चे” को दलदल पार कराना होगा। बच्चों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें।

**2.** मकड़ी के जाले को पार करना

कुर्सियों को उनका मुंह एक दूसरे की तरफ करके 4 फीट की दूरी पर रखें। एक रस्सी लें और उसे कुर्सी के आगे वाले पैर से बांन्धकर सामने वाली कुर्सी के आगे वाले पैर को ज़मीन से 6 इंच ऊंचा बांन्धे। तीन चार कुर्सियों का सेट द्वारा इस तरह का एक “मकड़ी का जाल” बनायें जिसे आपको पार करना है। बच्चों की कुशलता के आधार पर, जाल को या तो आसान या मुश्किल बनाएं। आखिर में शुरू और खत्म होने का चिन्ह बनाएं। रोमांच पैदा करें और दौड़ आरम्भ करें। बच्चों को रस्सी को बिना छुए, जाले को पार करना है। जीतने वाली टीम को एक अंक मिलेगा।

## जलप्रपात शिल्पकला (पाठ 3)




### बन्दर द्वार हैंगर

हर बच्चे को प्रिंट करके दें :

- एक द्वार हैंगर का आधार, 1 बन्दर का शरीर और 2 पैर
- 5 पाईप क्लीनर लें (लगभग 10 से.मी. या 4 इंच)

1. बच्चों से कहें कि द्वार हैंगर, बन्दर और उसके पैर में रंग भरकर उन्हें काटकर अलग रखें।



2. बच्चों को बताएं कि पाईप को कैसे मोड़ना है और उसे पूंछ बनाकर बन्दर के पीछे चिपकाना है।
3. बच्चों को बताएं कि पाईप से पांव कैसे बनाने हैं और फिर उन्हें भी चिपकाएं और उसके नीचे पंजों को भी चिपकाएं।
4. पैरों को बन्दर के शरीर के साथ चिपकाएँ।
5. अब बन्दर के “हाथों” को बनाएं और उन्हें भी चिपकाएं, जहां वे डोर हैंगर पर बने हुए हैं।

## सारांश (पाठ 3)

लोग हमारा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे, जैसा कि आज बन्दर और गेहजी ने किया। किन्तु, हमें दुनिया के तरीकों पर चलने की ज़रूरत नहीं है, हम अलग हो सकते हैं, और यीशु के पीछे चल सकते हैं! यह महत्वपूर्ण नहीं है कि अन्य लोग कैसे बर्ताव करते हैं, यह तो हमें निर्णय लेना है कि मैं दयालु बनूंगा और दूसरों के साथ वैसा ही बर्ताव करूंगा जैसा मैं चाहता हूं कि वे मेरे साथ करें, जैसा कि हमारी बाइबल की आयत बताती है। आइये, हम आज के मुख्य बिन्दु को मिलकर दोहराएं ... “मैं दूसरो के साथ ऐसे बर्ताव करूंगा जैसा कि मैं चाहता हूं कि वे मेरे साथ करें।“

# पाठ 4

यीशु मसीह मुझे अपने परिवार का हिस्सा बनाते हैं

## मुख्य बिंदु (पाठ 4)

परमेश्वर की संतान के रूप में मेरे पास स्वर्ग में अनन्त जीवन है।

## बाइबल पाठ (पाठ 4)

हामान (एस्तेर) द्वारा प्रत्यक्ष हमला

## परिचय (पाठ 4)

आपका फिर से स्वागत है! हम "जंगल की जंग में टिके रहना" वी बी एस के अंतिम भाग की ओर बढ़ रहे हैं। क्या हमारी टीम इसमें पूरा सहयोग दे सकती हैं? इस सप्ताह हमारी टीम ने आजीवन साहसिक शुरुआत की, लेकिन उन्हें अंदाज़ा नहीं था, कि यह कितना मजेदार होगा। यह अब समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, लेकिन मुझे लग रहा है, आज महाकाव्य होगा।

हम इस सप्ताह सीख रहे हैं, कि हम यीशु मसीह में कौन हैं, और आज का दिन कुछ अधिक विशेष है। आज हम यह देखेंगे, कि हम वास्तव में परमेश्वर के परिवार में स्वीकार किए गए हैं! यीशु मसीह मुझे अपने परिवार का हिस्सा बनाते हैं! (आज की बाइबल आयत का परिचय कराएँ: यूहन्ना 10:27-28) बोगली के कारनामों में, उस पर हमला किया जाता है, और मुझे यकीन है, कि विजय उसकी ही होगी। तब हम अपनी बाइबल खोलेंगे और देखेंगे, कि कैसे एस्तेर ने परमेश्वर की कृपा और दया के द्वारा, हामान के प्रत्यक्ष हमले के खिलाफ विजय प्राप्त की थी। हमारे शिल्पकला में, हम घर ले जाने के लिए एक फोटोफ्रेम बनाएंगे, और जलपान के समय, हम एस्तेर का मुकुट बनायेंगे! एस्तेर यह जानकर खुश थी, कि वह परमेश्वर की संतान थी। आइए हम सब आज के मुख्य बिंदु को एक साथ कहें, "परमेश्वर की संतान के रूप में मेरे पास स्वर्ग में अनन्त जीवन है।" दिन के अंत में, आप और मैं आश्वस्त हो सकते हैं, कि हम इस जंगल के जंग में टिके रहेंगे और हमारे पास भी परमेश्वर के परिवार का हिस्सा बनने का अवसर होगा!





## जानवर (पाठ 4)

बाघ हमला करता है और भेड़िया मदद करता है।

## टीमें (पाठ 4)

प्रत्येक टीम कल के लिए अपनी प्रस्तुति का अभ्यास करें। इसमें उत्साह, सजावट या ध्वज, और भीड़ के लिए अभिनन्दन शामिल होना चाहिए।

## बाइबल की आयत (पाठ 4)

*"मेरी भेड़ें मेरा शब्द सुनती हैं, और मैं उन्हें जानता हूं, और वे मेरे पीछे पीछे चलती हैं। और मैं उन्हें अनन्त जीवन देता हूं, और वे कभी नाश न होंगी, और कोई उन्हें मेरे हाथ से छीन न लेगा"।*

यूहन्ना 10:27-28

## नाटक (पाठ 4)

एक बार फिर जैसे ही बोगली अँगड़ाई लेकर उठता है, उसका अलार्म बंद हो जाता है, और वह धीरे-धीरे बैठता है। बोगली को पता चलता है कि वह भीगा हुआ है, क्योंकि बारिश हुई थी। अरे नहीं! जब वह कल रात बिस्तर पर गया था, तो उसे जीप को ढांकना चाहिए था! अपने पसंदीदा खिचड़ी का नाश्ते करने के बाद, वह बारिश की जैकेट पहनता है और बारिश में जंगल के स्कूल की ओर जाता है। उसका सामान्य मार्ग, स्कूल पहुँचने के समय तक उसे भीगा देगा, इसलिए वह जंगल के माध्यम से अधिक संरक्षित मार्ग लेने के बारे में बच्चों से बात करता है, ताकि वह सूखा रह सके। उस मार्ग की एकमात्र समस्या यह है, कि उस तरफ बाघ होते हैं! वह अपना फोन उठाता है और देखता है। निश्चित रूप से, सुबह सुबह फेसबुक पर बाघ, घने जंगल में स्वयं की तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं। बोगली फिर भी, किसी तरह से जाने का फैसला करता है। जैसे ही बोगली जंगल के बाघ वाले हिस्से में प्रवेश करता हैं, उसे पता चलता है, कि वह आसानी से पहचाना जा सकता है, क्योंकि उसकी त्वचा पर बाघ की तरह धारियां नहीं है। बस तभी, एक बाघ बोगली पर कूदता और गुर्राता है। बाघ के इस प्रत्यक्ष हमले ने उसे चौंका दिया, इसलिए बोगली ने दलदल से कुछ कीचड़ को लिया और अपनी त्वचा पर धारियां बनाईं। अब वह सोचता है, कि वह इतनी जल्दी पहचाना नहीं जाएगा। जल्दी ही, एक भेड़िया बोगली को घेरता है और मिट्टी की धारियां देखता है! वह कहता है, "बोगली अपने आपको अकेला महसूस करने की ज़रूरत नहीं है," "इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, कि बाघों की तरह तुम्हारी त्वचा पर धारियां नहीं है। तुम्हें बाघों की तरह बनने की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि यीशु मसीह ने तुम्हे अपने परिवार में शामिल कर लिया है"! बोगली दलदल में धारियों को हटा देता है, ताकि वह और भेड़िया बाघ से दूर हो सकें। तभी बोगली का पैर कीचड़ में फंस जाता है, और वह उससे बाहर नहीं निकाल पाता। वे थोड़ी देर तक कोशिश करते हैं, और मुक्त हो जाते हैं। जब वे जंगल स्कूल के लिए चलना खत्म करते हैं, तो भेड़िया बोगली को यीशु मसीह के बारे में बताता है, जिन्होंने उनके बुरे कार्यों के लिए भुगतान किया था। जैसे जैसे वे चलते हैं, भेड़िया उद्धार के बारे में बताता हैं, और बोगली प्रार्थना करता है और फिर कहता हैं, "परमेश्वर की संतान के रूप में मेरे पास स्वर्ग में अनन्त जीवन है! यीशु मसीह ने मुझे अपने परिवार का एक हिस्सा बना लिया है। "एक बार फिर, बोगली समय पर स्कूल पहुँचता है।

## गुफा कक्षा (पाठ 4)

### हामान द्वारा प्रत्यक्ष हमला (एस्तेर)





जैसे आप प्रत्येक सत्र में बाइबल की कहानियों को बताते हैं, तो विद्यार्थियों से कहें कि वे दिखाई गई तस्वीर बनाएं। जितनी सरल हो सके उतनी ही सरल तस्वीरें बनाएं, ताकि आपके विद्यार्थी उन्हें आसानी से नक़ल कर सकें।




1. रानी वशती को उसके पद से हटा दिया गया था, क्योंकि उसने राजा क्षयर्ष की आज्ञा न मानने का अपराध किया था। एस्तेर को उसकी जगह लेने के लिए चुना गया। वह राज्य में सबसे निम्न वर्ग की और सिर्फ 14 वर्ष की थी।

चित्र 1: एस्तेर, एक सुंदर राजकुमारी का चित्र बनाएं।



2. हामान राजा का प्रधानमंत्री था, राजा के बाद उस विशाल राज्य में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति वह ही था। उसे अपने पर बहुत गर्व था और राजा ने आदेश दिया, कि सभी लोग उसे जब भी आस पास से गुज़रता देखें, तो उसे दंडवत करें। मोर्दकै एक यहूदी था, और उसने केवल परमेश्वर के सामने झुकने का फैसला किया, हामान के सामने नहीं। इससे हामान बहुत क्रोधित हुआ। हामान इतना क्रोधित हुआ, कि उसने न केवल मोर्दकै को मारने का फैसला किया, बल्कि सभी यहूदी को भी मरवाना चाहा! उसने चालाकी से राजा को एक कानून बनाने और सभी यहूदियों को दंड देने के लिए एक योजना बनाई।

चित्र 2: जमीन पर घुटनों को झुकाते हुए लोग



3. उसी तरह से, परमेश्वर ने हमें 10 आज्ञाओं या नियमों का पालन करने के लिए दिया है। अगर हम उन 10 आज्ञाओं का पालन नहीं करते हैं, तो इसका मतलब है, कि हमने दंड को अर्जित किया है। आप और मैं हर समय हर आज्ञाओं का पालन करने में असमर्थ रहेंगे।

चित्र 3: आज्ञाओं का विज्ञापन लगा हुए एक खम्भा।



4. एस्तेर ने राजा के लिए तीन विशेष भोज की योजना बनाई और स्वयं पर और सभी यहूदियों पर मंडरा रहे खतरे के बारे में बताया। एस्तेर ने अपने जीवन को खतरे में डाल दिया था, जब उसने राजा से बात की, लेकिन उसकी बहादुरी ने लोगों को मरने से बचाया। यीशु मसीह ने कदम उठाया

कि हम हमारे पापों के लिए दंडित न किये जाएं और एक मार्ग तैयार किया। वह हमारे लिए और सभी के लिए, जिन्होंने आज्ञाओं का पालन नहीं किया है, मर गए।

चित्र 4: विशेष भोजन से सजी एक मेज।



5 एस्तेर की तरह, यदि आप भी बचना चाहते हैं, तो आपको अपने खतरे के बारे में परमेश्वर को बता देना चाहिए, जो वास्तविक राजा है। आप मेरे पीछे प्रार्थना कर सकते हैं या अपने खुद के शब्दों द्वारा उसे बता सकते हैं।

चित्र 5: चित्र बनायें कि आप अपने मसीही परिवार से घिरे हुए हैं।

"प्रिय परमेश्वर, मुझे पता है, कि मैं एक पापी हूँ। मुझे पता है, कि आपने यीशु को मेरे उद्धारकर्ता होने के लिए भेजा है। मेरे पापों की सजा लेने के लिए वे क्रूस पर मर गए। कृपया मुझे क्षमा करें, और मेरे जीवन में आकर मुझे बदल दें। कृपया मेरा मार्गदर्शन करें और मेरे पूरे जीवन के लिए आपको अनुसरण करने में सहायता करें। मुझे बचाने और मुझे अपने परिवार में शामिल करने के लिए धन्यवाद। मेरे मरने के बाद मुझे स्वर्ग ले जाने के लिए कि मैं हमेशा आपके साथ जी सकूँ। यीशु के नाम में, आमीन।"

## अभिप्राय:


कक्षा के सामने दो विकल्पों को पढ़ें। "अभिप्राय" से तात्पर्य विद्यार्थियों को सोचने पर मजबूर करना है, इसलिए आपको अपने दोनों हिस्सों को सम्भवतः सही रखने होंगे। दिए हुए विकल्पों को पढ़ें और उन्हें ऐसा प्रतीत होने दें कि दोनों उत्तर सही हैं। यदि आप चाहे तो चुनाव के लिए स्टीकरों का उपयोग कर सकते हैं। उन्हें सही उत्तर नहीं दिखाने की कोशिश करें, परन्तु उन्हें स्वयं इसके बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें।

**प्रश्न: एस्तेर ने सही किया या गलत किया?**

क. देश के नेता के पास जाना और कानूनों को बदलने का प्रयास करना अच्छा है। जैसे एस्तेर ने भोजन के द्वारा किया, आपके लिए समर्थन जीतने के लिए, किसी भी तरीके का उपयोग करना ठीक है।

ख. कानूनों को स्वीकार करना और उनमें जीवन व्यतीत करना अच्छा है, फिर कोई फर्क नहीं पड़ता, कि परिणाम क्या हो सकता है। भोजन से समर्थन हासिल करना और फिर कानून बदलने के लिए कहना गलत है।

हमें जीवन में प्रत्यक्ष हमलों का सामना करना पड़ेगा, जैसे एस्तेर ने किया था। लेकिन हमें भरोसा है, कि ये हमलें हमें हानि नहीं पहुंचा सकते क्योंकि परमेश्वर के संतान के रूप में, हमारे पास स्वर्ग में अनन्त जीवन है। "परमेश्वर की संतान के रूप में मेरे पास स्वर्ग में अनन्त जीवन है! यीशु मसीह मुझे अपने परिवार का हिस्सा बनाते हैं।




## बाइबल निर्देशन (पाठ 4)

इस नदी में आपका स्वागत है जिसमें हम बाइबल का निर्देशन एक डोंगी में प्राप्त कर रहे हैं। आइए आज के दिन के पाठ का शीर्षक, नारा, और याद करने वाली आयत को हम सभी दोहराएं। विद्यार्थियों की पुस्तक को एक दूसरे को दें, और छिपी हुई भूलभुलैया के साथ प्रारम्भ करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। अगला, बच्चों को उनकी पुस्तक में पाई जाने वाली 2 क्रियाकलापों को करने को कहें और उनके पृष्ठों पर उन्हें रंग भरने दें।

उत्तर:




(मध्यम पुस्तक के उत्तरों को सरल और कठिन उत्तरों को खोजते हुए प्राप्त कर सकते हैं।)




## उष्णकटिबंधीय रेस्तरां (पाठ 4)

### एस्तेर का मुकुट

विकल्प:1

**सामग्रियाँ:**

- कागज के कप



- कप को भरने के लिए नाश्ता: चिप्स, चीटोस, फल, मीठे बिस्कुट

**निर्देश:**

- मुकुट बनाने के लिए त्रिकोण में काटने के द्वारा कप तैयार करें।
- सुझाव: बच्चों को अपना नाश्ता भरने से पहले अपने कप को रंगने या उन्हें सजाने की अनुमति दें।

### विकल्प 2: तरबूज को एक मुकुट के आकार में कांटें

**सामग्रियाँ:**

- छात्रों के लिए व्यक्तिगत थाली
- तैयार किए गए फल: स्थानीय रूप से जो कुछ भी उपलब्ध हो
- सुझाव: तरबूज, कैंटालूप, केले, अंगूर, पीच, मार्शमलो, ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी, अनानस

**निर्देश:**

- नाश्ते के रूप में फल का उपयोग करके, तरबूज को काट लें और उसे खोदें। तरबूज के नीचे से एक छोटे टुकड़े को इस तरह से कांटे ताकि वह झुके और लुडके बिना मेज़ पर स्थिर रूप से स्थिर रह सके।
- तरबूज के खोल में अपनी पसंद के फल भरें।

## दलदली खेल (पाठ 4)




### 1. गुफा पार करना

इस खेल के लिए, आपको बड़ा प्लास्टिक बैग या अखबार और टेप की आवश्यकता है। बैग को एक साथ उतना जोड़ दीजिए, जितनी आप दौड़ की लम्बाई चाहते हैं, उन्हें एक साथ अटका दे ताकि एक सुरंग तैयार हो जाए। आपके पास जितनी टीम हैं, उतनी सुरंगों को बनाएं।

प्रत्येक टीम के सदस्य को गुफा में प्रवेश करना है और उसके माध्यम से अंत तक जाना है। जो टीम इस तरह सबसे पहले पूरा करेगी, वह टीम विजेता होगी।

इसे और अधिक रोचक बनाने के लिए, कागज़ से बनी "चट्टानों" या "पेड़" की सुरंगों को बाधाओं के रूप में लटकाएं जिससे गुज़रने वालों के लिए यह और अधिक रोमांचक हो जाए।

### 2. पत्ता दौड़ (लीफ रेस)

प्रत्येक बच्चे को किसी भी पेड़ और पुआल के पत्ते की आवश्यकता होगी, जिससे प्रत्येक टीम जमीन पर गिरने वाली पात्तियों से एक वर्ग के रूप में निशान लगा सकें, जिससे प्रत्येक टीम को पता होगा, कि उनके पास कितने पत्ते हैं। जब आप शुरुआत करने का संकेत सुनते हैं, तो पूरे समूह को पत्तियों को आसमान में फेंकना होगा और समापन रेखा की और आगे बढ़ाने के लिए पुआल से उड़ाना होगा। कई पत्तियां विरोधी टीम के पास जाएंगी, इसलिए बच्चों को यह सुनिश्चित करने की कोशिश करनी चाहिए, कि सभी पत्तियां उनके अनुभाग में आकर गिरें। सबसे अधिक पत्तियों वाला अनुभाग जीत जाएगा, भले ही वह दूसरी टीम की ही क्यों न हो।

## जलप्रपात शिल्पकला (पाठ 4)

### टाइगर चित्र फ़्रेम



प्रिंट करें और प्रत्येक छात्र को दें:

1. बाघ के सिर के आकार का फ्रेम
2. दांतों के सेट
3. आँखें




छात्रों को बाघ का सिर रंग करने और फिर उसे काटने का निर्देश दें।

छोटी झिल्ली आँखें (या आँखों के लिए किसी भी गोले को) जगह पर चिपकाएं।

अंत में, दाँतों को बाघ के सिर के पीछे की तरफ से चिपकाएं। यदि संभव हो, तो तस्वीरें ले ले, उन्हें प्रिंट करें, और बाघ के मुंह में उस तस्वीर को लगा दें!

## सारांश (पाठ 4)

जब हम इस "जीवन" नामक जंगल में संघर्ष करते हैं, तो लोग हम पर हमला करेंगे, जैसे एस्तेर पर हामान ने हमला किया था। लेकिन जब हम परमेश्वर के परिवार का हिस्सा हैं, तो हमें डरने की ज़रूरत नहीं है। जब दूसरे लोग, आपकी तरफ होने का ढोंग करते हैं, यीशु हमेशा आपके साथ रहेगा! वास्तव में, जैसा आज आप में से बहुतों ने प्रार्थना की होगी, हम इस बात पर भरोसा कर सकते हैं, कि जब हम प्रार्थना करते हैं और यीशु को अपने हृदयों में बुलाते हैं, तो हम उसके परिवार का हिस्सा बन जाते हैं। और जैसा कि हमारी बाइबल की आयत में कहा गया है, जब हम परमेश्वर से सम्बन्ध रखते हैं, तो कोई भी उनके हाथ से हमें छीन नहीं सकता। आइए हम सभी आज के मुख्य बिंदु को कहें... "परमेश्वर की संतान के रूप में मेरे पास स्वर्ग में अनन्त जीवन है।"

कल वी बी एस (वेकेशन बाइबल स्कूल) पर वापस आएं, "जंगल की जंग में टिके रहना" के एक और रोमांचक दिन में, जहां हम देखेंगे, कि कौन सी टीम खेलती, जीवित रहती और जीत प्राप्त करती है!

# पाठ 5

यीशु मसीह मुझे साहसी बनाते हैं

## मुख्य बिंदु ( पाठ 5)

जब सब असंभव लगता हैं, तब भी मैं भय पर जीत हासिल कर सकता हूं।

## बाइबल पाठ (पाठ 5)

गोलियत धमकी देता है (1 शमूएल 17)


## परिचय (पाठ 5)

हम "जंगल की जंग में टिके रहना" वी.बी.एस. के समापन का सीधा प्रसारण कर रहे हैं। बोगली और जानवरों से सभी टीमों के प्रतिनिधियों, हम सभी यहां पर हैं। हम इस अंतिम दिन और एक उत्तेजित सत्र के समापन के लिए वापस आ गए हैं। क्या जो चाहिए, वो आपके पास है? ठीक है, मौज-मस्ती में शामिल हो जाएं, ट्विटर पर हिट करें, "जंगल की जंग में टिके रहने" को हैशटैग करें, और हमें बताएं कि आप क्या सोचते हैं। यह एक मजेदार दिन होगा!

हर दिन आप और मैं हमारे चारों ओर डर का सामना करते हैं, लेकिन यीशु मसीह के साथ, जब सब असंभव लगता हैं, तब हम उन भयों पर जीत हासिल कर सकते हैं। (आज की बाइबल आयत का परिचय कराएँ: यहोशू 1:9) ठीक है, आइए हम जल्दी करें और दिन की शुरूआत करें, ताकि हम बोगली को देख सकें, दाऊद और गोलियत के बारे में सीख सकें और कुछ मजेदार नाश्ता कर सकें, शिल्पकला और गेम खेल सकें! आइए आज के मुख्य बिंदु को एक साथ कहें, "जब सब असंभव लगता हैं, तब भी मैं भय पर जीत हासिल कर सकता हूं।" दिन के अंत में, आप और मैं आश्वस्त हो सकते हैं, कि हम जीवन के इस जंगल में टिके रहेंगें, जब हम यह जानते हैं, कि हम अपने प्रभु यीशु मसीह में साहसी हैं!

## जानवर (पाठ 5)

मगरमच्छ धमकी देता है और चूहा मदद करता है।



## टीमें (पाठ 5)

प्रत्येक टीम आगे आकर अपने उत्साह, उनकी सजावट और पूरे समूह को अभिनन्दन पेश कर सकती है। विजेता का नाम लेने के लिए, कौन सी टीम सर्वश्रेष्ठ हैं, उसका निर्णय लें।

## बाइबल की आयत 5 पाठ))

*"क्या मैं ने तुझे आज्ञा नहीं दी? हियाव बान्धकर दृढ़ हो जा; भय न खा, और तेरा मन कच्चा न हो; क्योंकि जहां जहां तू जाएगा वहां वहां तेरा परमेश्वर यहोवा तेरे संग रहेगा।" - यहोशू 1:9*

## नाटक (पाठ 5)

ट्रिन, ट्रिन, ट्रिन... एक बार फिर अलार्म बजता है और बोगली जीप में सो रहा है। वह चिल्लाता है और स्नूज़ बटन को दबाता है। फिर उसके फोन की घंटी बजती है और वह जीप से बाहर कूदता है और जागता है। उसका मित्र, चूहा फोन पर है, और उससे पूछ रहा है, कि क्या वह झूलेगा और उसे जंगल स्कूल में पहुंचाने में मदद करेगा। बोगली इसके लिए सहमत होता हैं, लेकिन अपने मित्र को लेने के लिए रवाना होने से पहले अपने पसंदीदा खिचड़ी नाश्ता खाने के लिए जल्दबाजी करता है। यदि वह जल्दी नहीं करता, तो उन दोनों को देर हो जाएगी! जब बोगीली आता है, चूहे के पास एक कचौड़ी होती है, और उसके चेहरे पर कचौड़ी लगाने के द्वारा उसे आश्चर्यचकित करता है! वे एक साथ हंसते हैं और बोगली के चेहरे को साफ करते हैं, तब वे गाना शुरू करते हैं, और तक तक गाते है, जब तक वे दलदल तक नहीं पहुंच जाते। अरे नहीं! हम दलदल कैसे पार करेंगे?? वे दलदल के किनारे पर एक डोंगी ढूंढते हैं, अंदर चढ़ते हैं, और चलना शुरू करते हैं। फिर अचानक, वे धीमी सी गुर्राने वाली आवाज सुनते हैं, और वे चारों ओर उस जानवर को देख रहे हैं, कि वह कौन सा जानवर है। चूहा सबसे पहले देखता है... मगरमच्छ! चूहा बोगली को साहसी होने के लिए प्रोत्साहित करता है। जब वे जितना तेज़ चल सकते थे, चलने लगे और मगरमच्छ उनका पीछा करने लगा। वे दोनों एक ही समय पर चिल्लाते हैं कि, मैं भयभीत हूँ! मगरमच्छ उनके और करीब आता जा रहा है और बोगली को यह समझ में आता है, कि मगरमच्छ द्वारा उन्हें पकड़ने से पहले, उनके लिए दूसरी तरफ तक पहुंचना पूरी तरह से असंभव होगा। बोगली पूरी तरह से भूल गया था, कि उसे जंगल स्कूल जाने में देरी हो रही थी, और यह चिंता करने लगता है कि वह मगरमच्छ का भोजन बनने जा रहा था! चूहे ने बोगली को साहसी होने की याद दिलाने की कोशिश की, लेकिन उसकी चिल्लाहट के कारण बोगली उसे सुन नहीं सका। तब बोगली को अपना दोस्त, भालू याद आया! उसने अपना फोन उठाया, और भालू को जल्दी से संदेशा भेजा। मगरमच्छ उनके और करीब आता जा रहा था, और जैसे ही उसका जबड़ा डोंगी पर लगने वाला था, भालू किनारे पर आ जाता है और इतना जोर से गुर्राता है कि पूरा दलदल हिल जाता है!! मगरमच्छ डर से चिल्लाता है और तैरके वापस चला जाता है। हर कोई उत्साह से भर जाता है, क्योंकि जो असंभव था वह हो गया था! बोगली चिल्लाता है, "जब सब असंभव लगता हैं, तब भी मैं भय पर जीत हासिल कर सकता हूं!!! यीशु मसीह मुझे साहसी बनाते हैं"! दूसरी ओर एक बार सुरक्षित जगह पहुँचने पर, उन्होंने एक सेल्फी तस्वीर ली, और फिर स्कूल की ओर सरपट भागे। बोगली ने सोचा, कि इस बार वह देर से पहुंचेगा, लेकिन घंटी बजने से पहले ही वे जंगल स्कूल पहुंच गए। जो बिल्कुल असंभव बातें थी, वह हो रही थीं! बोगली, यहां तक कि अपनी कमजोरी में भी, इस सप्ताह हर दिन की तरह समय पर जंगल स्कूल में पहुंचा! "जब सब असंभव लगता हैं, तब भी मैं भय पर जीत हासिल कर सकता हूं। यीशु मसीह मुझे साहसी बनाते हैं! उस रात उसने अपनी जीप में सोने जाने से पहले उत्सव मनाया।




## गुफा कक्षा **5** पाठ))

गोलियत की धमकी (1 शमूएल 17)

जैसे आप प्रत्येक सत्र में बाइबल की कहानियों को बताते हैं, तो विद्यार्थियों से कहें कि वे दिखाई गई तस्वीर बनाएं। जितनी सरल हो सके उतनी ही सरल तस्वीरें बनाएं, ताकि आपके विद्यार्थी उन्हें आसानी से नक़ल कर सकें।



1. दाउद एक छोटा बालक है, जिसके 7 बड़े भाई हैं। उसके पिता ने उसे भेड़-बकरियों के झुंड का काम सौंपा। एक दिन उसके पिता ने उसे युद्ध के मैदान में जाने के लिए कहा, जहां उसके तीन सबसे बड़े भाई, शाऊल की सेना में सेवा कर रहे थे ताकि कुछ भोजन ला सकें और सेना के कमांडर के लिए 10 पनीर की टिकियाँ भेंट दी जा सकें।

चित्र 1: रोटी और पनीर और भोजन से भरा थैला

2. गोलियत एक बहुत लंबा आदमी था (3 मीटर, 9'9" लंबा!) और पलिश्ती सेना का शूरवीर। वह निंदा करने के लिए चिल्लाया और सभी को धमकाया, और पूरी इस्राएली सेना को डराया। दो पूरी सेनाओं के साथ लड़ने और कई सैनिकों को मारने की बजाए, पलिश्तियों ने केवल एक व्यक्ति को गोलियत से लड़ने की अनुमति देने का प्रस्ताव दिया। पुरे युद्ध का विजेता, विजेता राष्ट्र होगा।



चित्र 2: भयभीत सैनिक



3. जब दाउद अपने पिता द्वारा भेजी गई वस्तुओं को पहुंचा रहा था, तो उसने गोलियत की चिल्लाहट और धमकियों को सुना। दाऊद को गोलियत से डर नहीं लग रहा था, क्योंकि वह जानता था कि परमेश्वर इस्राएल के पक्ष में है। दाऊद ने घोषित किया, कि वह सैनिक होने के लिए तैयार है और गोलियत के खिलाफ लड़ेगा। जब शाऊल ने दाऊद के इस साहसी प्रस्ताव के बारे में सुना, तो उसने उसे बुलाया। उसने दाऊद को बताया, कि वह गोलियत के खिलाफ मौका देने के लिए बहुत छोटा और जवान था। उसने यह भी बताया कि गोलियत कई सालों से एक योद्धा था और दाऊद युद्ध में अप्रशिक्षित था।


चित्र 3: राजा शाऊल

4. दाऊद को राजा शाऊल को साबित करना था, कि वह साहसी था। उसने उसे वह समय याद दिलाया, जब उसने एक भालू और एक शेर को मार डाला था, क्योंकि उन्होंने उसकी भेड़-बकरियों में से एक भेड़ को चोरी करने का प्रयास किया था। लेकिन सबसे स्पष्ट तर्क वह था: "परमेश्वर जिसने मुझे शेर के पंजे और भालू के पंजे से छुड़ाया, वह मुझे इस पलिश्ती के हाथ से भी बचाएगा"। भले ही यह असंभव लग रहा था, लेकिन उसे विश्वास था, क्योंकि वह जानता था कि परमेश्वर उसके साथ था। हम भी साहसी हो सकते हैं और असम्भव



परिस्थितियों का सामना कर सकते हैं, क्योंकि परमेश्वर हमारे साथ हैं!

चित्र :4 एक शेर और एक भालू



5. राजा शाऊल ने दाऊद पर भरोसा किया, कि वह इस्राएल के पूरे राष्ट्र के लिए गोलियत से लड़ेगा। उसने दाऊद को अपना सर्वश्रेष्ठ हथियार, टोप और तलवार दी। वह उसके लिए बहुत भारी था, कि वह चल भी नहीं पा रहा था। उसने युद्ध उपकरणों का उपयोग नहीं करने का फैसला किया, बल्कि उन्हें इस्तेमाल करने के बजाय वह उस वस्तु का इस्तेमाल करेगा जो उसने भेड़ की देखभाल करते समय इस्तेमाल किया था। वह जानता था, कि अगर वह जीतता है, तो वह न किसी बेहतर शक्ति, कौशल या युद्ध उपकरण से होगी, बल्कि केवल परमेश्वर की ओर से होगी। उसने पांच पत्थर और उसकी गोफन को चुना, और गोलियत से लड़ने के लिए गया। उसने पहले निशाने में ही गोलियत के सिर में मारा और वह मर गया। दाऊद साहसी था क्योंकि वह जानता था कि परमेश्वर उसके साथ है, और सब कुछ संभव है!
चित्र 5: गोफन और 5 चिकने पत्थर

अभिप्राय:

कक्षा के सामने दो विकल्पों को पढ़ें। "अभिप्राय" से तात्पर्य विद्यार्थियों को सोचने पर मजबूर करना है, इसलिए आपको अपने दोनों हिस्सों को सम्भवतः सही रखने होंगे। दिए हुए विकल्पों को पढ़ें और उन्हें ऐसा प्रतीत होने दें कि दोनों उत्तर सही हैं। यदि आप चाहे तो चुनाव के लिए स्टीकरों का उपयोग कर सकते हैं। उन्हें सही उत्तर नहीं दिखाने की कोशिश करें, परन्तु उन्हें स्वयं इसके बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें।

**प्रश्न: क्या दाऊद का बोलना और गोलियत से लड़ने के लिए स्वयंसेवक बनना सही था?**

क. दाउद को गोलियत से लड़ने के लिए एकमात्र सिपाही होने के रूप में स्वैच्छिक नहीं होना चाहिए था। यदि वह मजबूत नहीं होता, तो पूरा इस्राएल देश युद्ध को खो देता और पलिश्तियों का दास बन जाता। जोखिम बहुत अधिक था।


ख. दाऊद जानता था कि आकार और ताकत, उम्र और अनुभव से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि लड़ाई परमेश्वर की है। अन्य सैनिकों में से कोई भी नहीं था, इसलिए उसने स्वयंसेवक होकर सही काम किया था।


मेरे जीवन में, बहुत से लोग मुझे ठठ्ठो में उड़ायेंगे और मुझे नुकसान पहुंचाने की धमकी देंगे, जैसे गोलियत ने दाऊद का ठट्ठा किया और धमकाया। "जब सब असंभव लगता हैं, तब भी मैं भय पर जीत हासिल कर सकता हूं।।" यीशु मसीह मुझे साहसी बनाते हैं।

## बाइबल निर्देशन (पाठ 5)

इस नदी में आपका स्वागत है जिसमें हम बाइबल का निर्देशन एक डोंगी में प्राप्त कर रहे हैं। आइए आज के दिन के पाठ का शीर्षक, नारा, और याद करने वाली आयत को हम सभी दोहराएं। विद्यार्थियों की पुस्तक को एक दूसरे को दें, और छिपी हुई भूलभुलैया के साथ प्रारम्भ करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। अगला, बच्चों को उनकी पुस्तक में पाई जाने वाली 2 क्रियाकलापों को करने को कहें और उनके पृष्ठों पर उन्हें रंग भरने दें।

उत्तर:




(मध्यम पुस्तक के उत्तरों को सरल और कठिन उत्तरों को खोजते हुए प्राप्त कर सकते हैं।)

## उष्णकटिबंधीय रेस्तरां (पाठ 5)

दाऊद के युद्धसामग्री से भरा थैला- **सामग्रियाँ:**

- कॉर्न टोरटीला या फ्लैट ब्रेड (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1)
- गोल स्नैक्स, 5 प्रति छात्र

सुझाव: अंगूर, कैंडीज, पनीर कश, किसी भी गोल आकार का नाश्ता

**निर्देश:**

- आप टोरटीला या फ्लैट ब्रेड को नरम रखने के लिए गर्म कर सकते हैं, ताकि यह थैले के आकार में इकट्ठा होकर उसी रूप में ढल जाए।
- प्रत्येक छात्र को 5 नाश्ता गेंदों (स्नैक बॉल्स) को लेने की अनुमति दें और उन्हें टोरटीला में रख दें और दाऊद के गोला बारूद बैग (युद्ध सामग्री थैले) में अपने 5 चिकने पत्थरों के साथ गेंदों को इकट्ठा करें।

- छात्रों को अपने "पत्थरों" को अन्य छात्रों पर फेंकने की अनुमति न दें क्योंकि वे 9 फुट लंबे नहीं हैं।






## दलदली खेल (पाठ 5)

### 1. हाथी को घर ले आओ

पांच बच्चों के समूह बनाएं। चारों बच्चे ("हाथी") बाकी बचे एक बच्चे को उसके प्रत्येक पैर और बांह से पकड़ लेते हैं। "हाथी" के पेट पर एक संतरा या कोई और गोल आकार का फल रखें।

फल गिराए बिना आखिरी रेखा को पार करें। यदि फल गिरता है, तो टीम हार जाती है। फल गिराए बिना जो टीम आखिरी रेखा को पार करती है वह विजेता होगी।

### 2. पानी को नगर तक ले जाएं

बच्चों के साथ दो लंबी पक्तियां बनाएं। प्रत्येक छात्र को एक खाली, प्लास्टिक का कप दें। पंक्ति में पहले कप को भरें, फिर वह व्यक्ति बिना अपने पीछे व्यक्ति के सिर को देखे, अगले कप में पानी डालें। दूसरा बच्चा तीसरे में पानी डाले, आदि। जिस टीम के पास, अंतिम कप में सबसे ज्यादा पानी होगा, वह विजेता होगी।

## जलप्रपात शिल्पकला (पाठ 5)




### मगरमच्छ मुखौटा

प्रिंट करें और प्रत्येक विद्यार्थी को दें:

- 1 मगरमच्छ मुखौटा/मास्क
- 1 मगरमच्छ के दांतों का सेट
- 150 सी.मी रिबन का टुकड़ा
- दो आँखें

1. छात्रों को रंग भरने और मुखौटे को काटने में निर्देशित करें। (शिक्षकों को मास्क के किनारे पर रिबन लगाने होंगे, ताकि वे किनारे के करीब न हों और आसानी से फटने न पाएं।)

2. छात्रों को दिखाएं, कि पीछे की तरफ सीधे किनारे पर बड़ी आंखों को कैसे चिपकाएं।

1. इसके बाद, मुखौटा के पीछे मगरमच्छ दांत को चिपकाएं, लहराती रेखा के पीछे, धीरे-धीरे दांत को आकार दें।
2. अंत में, मुखौटा के एक तरफ रिबन को बांधें और दूसरी तरफ बांधने से पहले बच्चे के सिर को समायोजित करें।



## सारांश (पाठ 5)

लोग हमें डराने की कोशिश करेंगे, जैसे गोलियत ने परमेश्वर के लोगों को धमकी दी और आज जैसे मगरमच्छ ने बोगली को डरा दिया। लेकिन, हम सिर्फ दाऊद की तरह, प्रभु यीशु मसीह के नाम पर भरोसा कर सकते हैं। और जैसा हमारी बाइबल की आयत बताती हैं, हम मजबूत और साहसी हो सकते हैं, क्योंकि हम जहां भी जाते हैं, परमेश्वर हमारे साथ होते हैं। आइए आज के मुख्य बिंदु को एक साथ कहें... "जब सब असंभव लगता हैं, तब भी मैं भय पर जीत हासिल कर सकता हूं।" इस सप्ताह "जंगल की जंग में टिके रहने" में शामिल होने के लिए धन्यवाद, जहां हमने एक साथ सीखा कि भय, पाप और हमलों पर कैसे जय पाएं और बहादुरी, दयालुता और ताकत से कैसे परिपूर्ण हो! इस जंगल के जोखिम भरे अनुभवों में, हमने एक साथ मज़े करते हुए यह सीखा, कि हम यीशु मसीह में कौन हैं! चर्च में आने के लिए और इस साहसिक कार्य में शामिल होने के लिए, हममें से हर एक अपने घरों को छोड़कर आये है, और इसमें कोई संदेह नहीं है, कि इसने हमारे जीवन के बाकी हिस्सों को बदला हैं। इस विशेष सप्ताह का एक हिस्सा होने के लिए आपका धन्यवाद।

हम आपको अगली बार "जंगल की जंग में टिके रहने" के नए सत्र में मिलेंगे!

# You were expecting just a fun way to teach kids.



"WE USED TO HAVE 5 KIDS COMING TO SUNDAY SCHOOL," said the children's ministry director of a church in Delhi after just 1 month using Champions Sunday school. "Now we have 25 children regularly! The rich children used to snub the poor children, but now they mingle together. They even help each other solve the puzzles!"

""BUT I DO THE SAME THING, TOO..." a little girl in Mexico said with a sigh. She was looking at herself with a little pocket mirror she made out of tin foil in Sunday school. "...So I can't judge that girl for gossiping." After putting the little mirror back into her pocket, she went to another girl she had gossiped about and apologized for it!

## Use our syllabus and discover surprising spiritual growth in your students!

**Join over 100,000 churches from 20 countries and download life-changing curriculum from www.ChildrenAreImportant.com.**

Children are Important